इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 | अंक -95 | राजनांदगांव, मंगलवार 20 फरवरी 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# सभी फसलों की एमएसपी गारंटी से कम कुछ भी मंजूर नहीं, संयुक्त किसान मोर्चा ने खारिज किया सरकार का प्रस्ताव



नई दिल्ली। न्यूनतम समर्थन मूल्य में खरीद पर गारंटी समेत तमाम मांगों को लेकर किसान सड़कों पर उतरे हैं. सरकार और किसान नेताओं के बीच चौथे राउंड की बातचीत भी फेल हो गई है. संयुक्त किसान मोर्चा ने केंद्र सरकार के एमएसपी के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है. केंद्र सरकार की तरफ से कथित रूप से रूक्क पर पांच साल के कॉन्ट्रेक्ट का प्रस्ताव दिया गया था.

इसे खारिज करते हुए किसानों नेताओं ने कहा कि उन्हें एमएसपी गारंटी से कम कुछ भी मंजूर नहीं है. पंजाब और हरियाणा को विभाजित करने वाले शंभू बार्डर पर मुख्यतौर पर धरना देने वाले दो बड़े किसान संगठन हैं. पहला- किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का संगठन संयुक्त किसान मोर्चा. दूसरा- सरबन सिंह पंधेर किसान मजदूर मोर्चा. फिलहाल, सरकार जिन किसान संगठनों से बात कर रही है, वो अलग हैं. रविवार को चौथे दौर की बातचीत को सरकार और किसान संगठन दोनों ने सकारात्मक बताया. इस मामले के सुलझने की राह में सबसे बड़ी बाधा एमएसपी पर कानून बनाने की बात है, लेकिन सरकार ने हल निकालने की कोशिश के तहत किसानों को एक प्रस्ताव दिया. प्रस्ताव के अनुसार सरकार मक्का, तूर, अरहर, उड़द और कपास की फसल को एमएसपी पर 5 साल तक खरीदेगी. एनसीसीएफ और एनएएफईडी जैसे को-ऑपरेटिव सोसायटी किसानों के साथ करार करेंगी.

खरीद की कोई सीमा नहीं होगी और जल्द ही एक पोर्टल तैयार होगा. किसान नेताओं ने सोमवार को इस मामले में प्रेस कॉन्फ्रेंस की. उन्होंने बताया कि मीडिया रिपोर्ट्स के आधार पर उन्हें पता चला है कि केंद्र सरकार एमएसपी पर अध्यादेश लाने की योजना बना रही है. किसानों के संगठन संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा कि उन्हें एमएसपी गारंटी से कम कुछ भी मंजूर नहीं है. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### सी2+50 प्रतिशत के आधार पर एमएसपी गारंटी की मांग

किसान मोर्चा ने कहा कि स्वामिनाथन आयोग ने 2006 में अपनी रिपोर्ट में केंद्र सरकार को सी2+50 प्रतिशत के आधार पर एमएसपी देने का सुझाव दिया था. बयान में कहा गया है कि किसान इसी के आधार पर तमाम फसलों पर वह एमएसपी की गारंटी चाहते हैं. इसके जरिए किसान अपनी फसल एक फिक्स्ड कीमत पर बेच सकेंगे और उन्हें नुकसान नहीं उठाना पड़ेगा। बता दें कि अजय मिश्रा टेनी उत्तर प्रदेश की लखीमपुर-खीरी लोकसभा सीट से बीजेपी के सांसद हैं. वह केंद्रीय गृह राज्यमंत्री हैं. उनका और उनके बेटे का नाम लखीमपुर-खीरी कांड में जुड़ा था.

### किसानों का क्या कहना है?

मोटे तौर पर सरकार के इस प्रस्ताव को लेकर किसानों के बीच ज्यादा उत्साह नहीं है. उनका कहना है कि केवल पांच फसल पर नहीं, बल्कि सभी 23 फसलों पर सरकार इस तरह की गारंटी दे. किसानों ने कहा कि पंजाब और हरियाणा में दाल और मक्का की पैदावार नाम मात्र की है, कपास की फसल में लाल सूंडी रोग से अब उसे बो नहीं रहे हैं, तो हमें क्या फायदा है.

## हॉर्स ट्रेडिंग गंभीर मामला, बैलट पेपर लाकर दिखाएं - चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर सुप्रीम कोर्ट सख्त



नई दिल्ली। चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है. सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव के बैलेट पेपर तलब किए हैं और अब सुप्रीम कोर्ट खुद बैलेट पेपर देखेगा. इस मामले में सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि हार्स ट्रेडिंग गंभीर मामला है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह ने माना है कि उन्होंने बैलेट पेपर पर निशाना लगाया. अब मसीह बुधवार को अदालत में पेश होंगे. वहीं सुप्रीम कोर्ट इस मामले में मंगलवार दोपहर दो बजे सुनवाई करेगा. अदालत ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट से बैलेट पेपर मांगे हैं. सुप्रीम कोर्ट ने पर्याप्त सुरक्षा के साथ बैलेट पेपर लाने को कहा है. साथ ही काउंटिंग का पूरा वीडियो तलब किया है. साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर मसीह दोषी पाए गए तो कानूनी कार्रवाई करेंगे.

इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मसीह से पूछा कि आपने कुछ बैलेट पेपर पर एक्स मार्क लगाया या नहीं, जवाब में उन्होंने कहा कि हां आठ पेपर पर लगाया. इस पर सीजेआई ने कहा कि आपको सिर्फ साइन करना चाहिए था, आपने किस अधिकार से निशान लगाए. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम डिप्टी कमिश्नर को नए सिरे से चुनाव कराने के लिए रिटर्निंग अफसर नियुक्त करने को कहेंगे. वो किसी राजनीतिक पार्टी से संबंधित नहीं होगा. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह हाईकोर्ट को इस मामले की निगरानी करने के लिए कहेंगे. इस मामले में सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने सुनवाई की.

### रिकॉर्ड सुरक्षित रखने का दिया था आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने 5 फरवरी को चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर बड़ा दखल दिया था और चुनाव के सारे रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने के आदेश दिए थे. सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को रिकॉर्ड सुरक्षित करने को कहा था. साथ ही रिटर्निंग अफसर को तलब कर लिया था. सुप्रीम कोर्ट ने आप पार्षद की याचिका पर नोटिस जारी किया था.

### लोकतंत्र की हत्या नहीं होने देंगे-सुप्रीम कोर्ट

इस मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने रिटर्निंग अफसर को कड़ी फटकार लगाई थी और सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था कि रिटर्निंग अफसर ने जो किया है, वो लोकतंत्र की हत्या जैसा है. वीडियो में साफ दिख रहा है कि वो कैमरे में देख रहा है और बैलेट पेपर को खराब कर रहा है. इस अफसर पर कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए. साथ ही (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ में नहीं थम रहे नक्सली हमले, चार दिन में कमांडर समेत 4 लोगों को मारा; सड़क पर फेंका शव



जगदलपुर। छत्तीसगढ़ में लगातार नक्सली हमले हो रहे हैं। हमले नक्सली जवानों के साथ आम लोगों को भी निशाना बना रहे हैं। इस कड़ी में सोमवार को बारसूर थाना क्षेत्र के मालेवही कैंप से चार किलोमीटर दूर एक ग्रामीण के शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस टीम मौके के लिए रवाना हुई। पुलिस शव की शिनाख्त में जुटी है। शव की शिनाख्त के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि इससे पहले नक्सलियों ने वार्ता के लिए हामी भरी थी। इस दौरान नक्सलियों ने कहा था कि कैंप न खोले जाएं और उनके गिरफ्तार साथियों को छोड़ दिया जाए। वहीं, दूसरी नक्सली आए दिन हमला कर रहे हैं। 14 फरवरी को नक्सलियों ने सुकमा जिले के योलमपल्ली थाना पालामडामू के इंजरम भेज्जी मार्ग में पोडियम जोगी की हत्या कर शव को सड़क पर फेंक दिया। पोडियम जोगी बिजली मिस्त्री का काम करता था। नक्सलियों ने पुलिस मुखबिर और सीआईडी के तहत काम करने का आरोप लगाया था।

### नल जल योजना में काम करने वाला का रेता गला

नारायणपुर के ओरछा थाना क्षेत्र के मंडली गांव (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## खरगे ने दिए संकेत, अमेठी के चुनावी रण में उतरेंगे राहुल गांधी, लेकिन...



नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के अमेठी से चुनाव लड़ने का साफ संकेत देते हुए इसको लेकर उठाए जा रहे सारे सवालों को लगभग विराम दे दिया है। बेशक खरगे ने राहुल गांधी की अमेठी से लोकसभा उम्मीदवारी की औपचारिक घोषणा नहीं कि मगर सोमवार को अमेठी की जनता से यह कह कर उनके चुनाव मैदान में फिर से उतरने की तस्वीर साफ कर दी कि 'राहुल गांधी कल भी आपके साथ थे, आज भी हैं और कल भी रहेंगे।'

अमेठी से गांधी परिवार के करीबी रिश्ते को लेकर सोनिया गांधी के 26 साल पहले दिए गए बयान का हवाला देते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि राहुल गांधी भी अमेठी से दिल का करीबी रिश्ता होने की बात को आज दोहरा रहे हैं। राहुल के अमेठी से चुनाव लड़ने के इरादों का साफ संदेश देते हुए खरगे ने इस संसदीय क्षेत्र की जनता से यह कहने से भी गुरेज नहीं किया कि भले ही क्षेत्र को कोई सांसद मिल सकता है, मगर राहुल गांधी जैसा इंसान उन्हें कहां मिलेगा।

### पराजय के बावजूद अमेठी का चुनावी रण नहीं छोड़ेंगे राहुल

खरगे ने कहा कि सोनिया गांधी की यही बात आज फिर राहुल गांधी ने दोहराई है। आपके साथ उनका गहरा संबंध और प्रेम है। कांग्रेस अध्यक्ष के इस बेलाग बयान का सार स्पष्ट है कि वर्तमान में केरल के वायनाड से लोकसभा सांसद राहुल गांधी 2019 की पराजय के बावजूद अमेठी का चुनावी रण नहीं छोड़ेंगे।

### उत्तर प्रदेश के मैदान में कांग्रेस के डटे रहने का ऐलान किया

खास बात यह रही कि मल्लिकार्जुन खरगे ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के क्रम में सोमवार को अमेठी पहुंचे राहुल गांधी की मौजूदगी में वहां हुई एक जनसभा में अमेठी के रास्ते उत्तर प्रदेश के मैदान में कांग्रेस के डटे रहने का एलान किया। अमेठी वासियों के साथ गांधी परिवार के निकट रिश्तों का जिक्र करने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष ने एक शायरी की पंक्तियां 'अगर तलाश करे कोई मिल ही जाएगा, मगर तुम्हारी तरह कौन हमको चाहेगा।' राहुल के अमेठी के चुनावी रण में ताल ठोंकने की घोषणा की।

### राहुल जैसा सहज और सहृदयी इंसान कहां मिल पाएगा

खरगे ने यह भी कहा कि अमेठी को भले ही कोई सांसद मिल जाए मगर राहुल जैसा सहज और सहृदयी इंसान कहां मिल पाएगा। शायरी की इन पंक्तियों के बाद (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने की छत्तीसगढ़ में पीएम श्री योजना की शुरुआत, 248 स्कूलों की बदलेगी तस्वीर, सीएम साय बोले- प्रदेश के लिए ऐतिहासिक क्षण



रायपुर। छत्तीसगढ़ में पीएमश्री योजना का शुभारंभ केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया. इस कार्यक्रम का आयोजन रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में हुआ. वहीं कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल शामिल हुए.

देश भर के 14500 सरकारी स्कूलों को पीएम श्री योजना में अपग्रेड किया जा रहा है. वहीं छत्तीसगढ़ राज्य में कुल 248 स्कूलों का प्रथम चरण में चयन किया गया है. जिसमें 211 स्कूल केंद्रीय विद्यालय के 17 स्कूल और नवोदय विद्यालय के 20 स्कूल, एलीमेन्ट्री स्तर पर 193 और सेकेंडरी स्तर पर 18 स्कूल शामिल है. कार्यक्रम में संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आज यह छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक क्षण है. छत्तीसगढ़ के लिए संगठन के प्रभारी के रूप में लंबे समय तक काम किए हैं. पीएम मोदी को भी धन्यवाद करना चाहूंगा. पीएम मोदी इस देश को विकसित भारत बनाना चाहते हैं. इसके लिए हम लोगों को भी विकसित छत्तीसगढ़ बनाना पड़ेगा, सहयोग करना पड़ेगा. पिछले 5 वर्षों में हमारे प्रदेश में शिक्षा की जो दुर्गति हुई है किसी से छिपी हुई नहीं है. आत्मानंद को भ्रष्टाचार का अड्डा बनाया गया. बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है.

हम लोग को अगर विकसित भारत और उसमें विकसित छत्तीसगढ़ का सहयोग करना है तो शिक्षा को बहुत आगे बढ़ाना पड़ेगा. 33 हजार शिक्षकों की भर्ती करने वाले हैं. बीजेपी को विरासत में खाली खजाना मिला है. लेकिन चिंता के भी बात नहीं है डबल इंजन की सरकार है, केंद्र सरकार का भी आशीर्वाद रहेगा.

## 'पंच-सूत्र' पर आधारित होगी MSP कमेटी की रिपोर्ट, किसानों की आय को कई गुना बढ़ाने पर दिया गया जोर




नई दिल्ली। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर बनी उच्चस्तरीय कमेटी की रिपोर्ट लगभग तैयार है। कमेटी के 28 सदस्यों की अभी तक हुई 37 बैठकों के दौरान हुई समग्र चर्चाओं का मूल मंत्र भारतीय कृषि को परंपरागत तरीके से निकालकर वैश्विक व्यापार की ओर ले जाना है। कमेटी की सिफारिशों को गोपनीय रखा गया है, किंतु सूत्रों का मानना है कि रिपोर्ट को मुख्य रूप से पांच बातों पर फोकस किया गया है। कोशिश यह है कि समुचित सुविधा किसानों की आय को कई गुना बढ़ाया जाए और देश के विकास में उनका योगदान बढ़े।

### रिपोर्ट पर 90 प्रतिशत से ज्यादा काम हो चुका है

रिपोर्ट के निष्कर्षों और उसे सौंपे जाने के बारे में कमेटी के सदस्य दिलीप संघानी का कहना है कि 90 प्रतिशत से ज्यादा काम हो चुका है। अब अध्यक्ष के साथ सिर्फ एक बैठक का इंतजार है। उसके बाद हम कभी भी रिपोर्ट सौंप सकते हैं। हालांकि उन्होंने सिफारिशों के बारे में कुछ भी बताने से इनकार किया, लेकिन एक अन्य सदस्य बिनोद अनुपम ने बताया कि सिफारिशों को पूरी तरह किसानों पर केंद्रित रखा गया है। उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए सबसे अधिक जोर कृषि आधारित वैश्विक व्यापार के अनुकूल माहौल बनाने पर दिया गया है, किंतु कमेटी यह भी मानती है कि सिफारिशों को लागू करना तभी संभव होगा, जब प्रशासनिक रूप से क्रियान्वित करने के लायक होगी। इसलिए रिपोर्ट में किसान आंदोलनों को भी ध्यान में रखकर राजनीतिक स्वीकृति के पक्ष पर भी विचार किया गया है, ताकि विरोध या असहमति की स्थिति नहीं रह जाए।

### विभिन्न राज्यों में अलग-अलग फसलों का लागत मूल्य समान नहीं

स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिशों से अलग उच्चस्तरीय कमेटी की बैठकों का निष्कर्ष यह भी है कि विभिन्न राज्यों में अलग-अलग फसलों का लागत मूल्य समान नहीं है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## धार्मिक जगहों के लिए खुला खजाना, अयोध्या, काशी सहित आठ जगहों को 86 हजार करोड़



लखनऊ। भूमि पूजन समारोह (जीबीसी) में सोमवार को प्रदेश के धार्मिक शहरों में भी निवेश परियोजनाओं का शुभारंभ हुआ। इसमें अयोध्या, काशी और मथुरा में लगभग 40 हजार करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाएं शामिल हैं। इन शहरों समेत प्रदेश के सभी आठ धार्मिक स्थलों में 86 हजार करोड़ रुपये से लगभग 500 परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा। इससे लगभग ढाई लाख लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

निवेश परियोजनाओं में सरकार का फोकस प्रमुख धार्मिक शहरों पर भी हैं। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के निर्माण और अयोध्या धाम में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद निवेशक भी इन शहरों में काफी रुचि दिखा रहे हैं। जीबीसी में सिर्फ अयोध्या, काशी व मथुरा के लिए लगभग 40 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ हुआ है। इसमें काशी में 15,314 करोड़ रुपये से 124 प्रोजेक्ट, मथुरा में 13,487 करोड़ रुपये से 81 और अयोध्या में 10,156 करोड़ से 146 प्रोजेक्ट शुरू होंगे। अयोध्या में सिर्फ पर्यटन विभाग के जरिये 3,500 करोड़ के निवेश से 142 होटल, रिसॉर्ट व गेस्ट हाउस का निर्माण कराया जाएगा। वहीं, आवास विभाग के जरिये 3,409 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। अयोध्या में सभी विभागों के 146 प्रोजेक्ट से लगभग 50 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ में वोट प्रतिशत बढ़ाने में जुटी भाजपा, राम मंदिर बनेगा चुनावी मुद्दा, 11 सीटें जीतने का रखा लक्ष्य



रायपुर। नई दिल्ली में आयोजित भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीट जीतने का लक्ष्य रखा गया है। भाजपा, 370 और एनडीए समेत 400 पार के नारे के साथ अपने मिशन को पूरा करने के लिए राम मंदिर को चुनावी मुद्दा बनाएगी। छत्तीसगढ़ भाजपा भी गांव से लेकर शहरों तक पहुंचकर अयोध्या धाम में विराजित हुए भगवान श्रीराम के पीछे भाजपा और उससे जुड़े संगठनों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाएगी।

इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों को भाजपा जन-जन तक पहुंचाने का रोड मैप तैयार कर रही है। अभी प्रदेश में गांव चलो अभियान चल रहा है। इसके लिए जिले में एक संयोजक और दो सह-संयोजक बनाए गए हैं। वही मंडल स्तर में एक संयोजक व एक सह-संयोजक बनाए गए हैं। देशभर के लगभग सात लाख गांवों में जाकर भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए एक दिन का समय व्यतीत करने का लक्ष्य रखा है। गांव चलो अभियान का मुख्य विषय है कि गांव में जो समस्याएं हैं, वहां जाकर लोगों की समस्याओं के बारे में जानना है, आम जनता से मिलकर मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारी देना है। पार्टी की गतिविधियां बूथ कमेटी, स्वच्छता अभियान, बूथों को किस तरह से मजबूत करने पर विचार, वरिष्ठजनों से मुलाकात कर उन्हें अवगत कराना है।

### कार्यकर्ताओं की भी सुनेंगे समस्या

भाजपा ने निर्णय लिया है कि वह अपने कार्यकर्ताओं की भी समस्याओं को सुनेंगे। इसके लिए सत्ता-संगठन दोनों को ही लगा दिया गया है। अधिवेशन में शामिल होने के चलते 16 फरवरी के बाद समस्याओं के निराकरण के लिए संचालित सहायता केंद्र अब 19 फरवरी से नियमित होंगे।

सोमवार को मंत्री रामविचार नेता व भाजपा के प्रदेश महामंत्री रामजी भारती, 20 फरवरी को मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल व मधुसूदन यादव, 21 फरवरी को मंत्री केदार कश्यप व सरला कोसरिया, 22 फरवरी को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा व प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, 23 फरवरी को मंत्री ओपी चौधरी व भरतलाल वर्मा, 26 फरवरी को उप मुख्यमंत्री अरुण साव व उद्धेश्वरी पैंकरा, 27 फरवरी को मंत्री लखन लाल देवांगन व प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, 28 फरवरी को मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े व शिवरतन शर्मा, 29 फरवरी को मंत्री दयाल दास बघेल व भूपेंद्र सवन्नी भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सहायता केंद्र में मौजूद रहेंगे।

## अखिलेश यादव ने कांग्रेस को दिया 17 सीटों का प्रस्ताव, अमेठी व रायबरेली सहित ये सीटें शामिल

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के लिए बने विपक्षी गठबंधन में शामिल सपा ने कांग्रेस को यूपी में चुनाव लड़ने के लिए अमेठी व रायबरेली सहित 17 सीटों का प्रस्ताव दिया है। उम्मीद है इस पर जल्द ही निर्णय ले लिया जाएगा। ये सीटें अमेठी, रायबरेली, वाराणसी, अमरोहा, बागपत, सहारनपुर, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, बुलंदशहर, फतेहपुर सीकरी, हाथरस, झांसी, बाराबंकी, कानपुर, सीतापुर, कैसरगंज और महाराजगंज की सीटें हैं। दोनों दलों के बीच सीट शेयरिंग पर पेंच फंसा हुआ है। यही कारण है कि अखिलेश यादव ने रायबरेली में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने का अपना कार्यक्रम स्थगित कर दिया है।

**मारुति सेल्स**
पीविसी डोर, मेमरन डोर, लेमिनेशन डोर, एल्युमिनियम खिड़की, सागौन डोर, माइका डोर, माइका कटपिस डोर, WPVC डोर
* डीलर KAKA PVC के बने माड्यूलर किचन, टी.वी. यूनिट, आलमारी
दीमक से बचत वाटर प्रुफ
10 वर्ष की गांरटी
मो. मयूर टांक-8103046104
पता-मोतीपुर नवागांव राजनांदगांव (छ.ग.)

**दादाजी डेंटल क्लीनिक**
डॉ. सुबोध गुप्ता
BDS, DADS
प्रतिदिन उलब्ध- सुबह 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक
रविवार अवकाश
अग्रसेन भवन के पास भरकापारा, राज.
फोन-07744-470074

# भारत शासन द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा तेजी से कार्य- अरूण साव

## जिले की पहचान चुनिंदा हस्तियां पी-4 में हो रहे शामिल






राजनांदगांव (दावा)। उपमुख्यमंत्री अरूण साव आज प्रशासन, पुलिस, प्रेस, पब्लिक के संयुक्त तत्वावधान में दिग्विजय स्टेडियम खेली जा रहे पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि दिग्विजय स्टेडियम बहुत सुंदर बना है और इसका रख-रखाव अच्छे तरीके से किया जा रहा है।

पी-4 एक शानदार आयोजन है, जिसमें राजनांदगांव की चुनिंदा हस्तियां जो जिले की पहचान है, चाहे हो प्रशासन से जुड़े हो, या प्रेस, पुलिस, न्यायालय, नगरीय निकाय एवं नागरिकों में प्रमुख लोग एकत्रित होकर यहां खेल रहे है। आपस में मिलना संवाद होना और साथ-साथ खेलना इसके लिए सभी को बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शासन द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए कार्य किया जा रहा है। हमारा देश विश्व में खेल के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। खेलो इंडिया के तहत भारत शासन योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। खेल एवं खिलाडि?ों को आगे बढ़ा रही है, ताकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हमारे खिलाड़ी आगे बढ़ सकें। प्रधानमंत्री टीम के जीतने पर उन्हें बधाई देते हैं और खिलाड़ी जब हार जाते हैं और निराश होते हैं, तो उनका हौसला बढ़ाते हैं। वे खिलाडियों के प्रति संवेदना एवं सद्भावना रखते हैं। देश में खेल के क्षेत्र में गति आयी है। खिलाडियों को सुविधाएं मिलना प्रारंभ हुआ है। भविष्य में खेल के क्षेत्र में हमारा देश अग्रणी रहेगा।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बैटिंग की, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने बॉलिंग तथा कलेक्टर संजय अग्रवाल ने विकेट कीपिंग कर खिलाडियों का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, खूबचंद पारख, भरत वर्मा, सचिन बघेल, अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, जितेन्द्र मिश्रा, सचिन अग्रहरि एवं अन्य खिलाड़ी तथा बड़ी संख्या में खेलप्रेमी जनता उपस्थित थे।

# राष्ट्रसंत जैन मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज को विश्व जागृति मिशन परिवार की श्रद्धांजलि



राजनांदगांव (दावा)। विश्व जागृति मिशन परिवार के अध्यक्ष प्रहलाद राय चेतवानी सचिव सौरभ खंडेलवाल कोषाध्यक्ष दिनेश पटेल ने बताया कि दिगंबर आचार्य में श्रेष्ठ 1008 आचार्य विद्यासागर महाराज की दिव्य ओजस्वी वाणी का मार्गदर्शन उनकी गौ सेवा का समर्पण भाव एवं मानव कल्याण व भारतीय संस्कृति का मार्ग प्रशस्त किया उनकी शिक्षा एवं विचार जन्म जन्मांतर युग युगांतर तक अमर रहेंगे। ऐसे दिव्य संत को विनम्र भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि विश्व जागृति मिशन परिवार की ओर से दी गई।

इस अवसर पर राजनांदगांव विश्व जागृति मिशन के संरक्षक नंदकिशोर खंडेलवाल, अध्यक्ष प्रहलाद राय चेतावनी, सचिव सौरभ खंडेलवाल कोषाध्यक्ष दिनेश पटेल एवं भगवान जी भाई पटेल, महेश खंडेलवाल मुरली यादव, भानु पटेल, शरद गुप्ता, स्वतंत्र कुमार सिंह, संतोष तिवारी, शैलेंद्र कुमार सिंह, डीसी कोरी, जितेंद्र शर्मा, निर्भय गढ़पायले, मदन ठाकुर एवं विश्व जागृति मिशन महिला मंडल से जयश्री पटेल, निशा भसमे कनक लता शर्मा, गौरी सोनी, आरती ठाकुर, राधाबाई यादव, ममता तिवारी पूर्णिमा खटाते, लीला ठाकुर, विजया बेन पटेल, श्यामा गुप्ता आदि गुरु भक्त भाई बहन उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी विश्व जागृति मिशन के सचिव सौरभ खंडेलवाल ने दी।

# एनबीआईएस बोरी की छात्रा अबेकस में इंटरनेशनल लेवल पर द्वितीय स्थान





राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, बोरी की कक्षा तीसरी की छात्रा रेह्त बग्गा ने अबेकस वैदिक एंड मेंटल मैथ्स ओलंपियाड 2023-24 की परीक्षा में नेशनल व इंटरनेशनल लेवल पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर, शाला परिवार को गौरवांवित किया।

ज्ञात हो कि उपर्युक्त परीक्षा दिसंबर 2023-24 को आयोजित किया गया था, जिसमें शाला के 59 बच्चों ने अपनी सहभागिता दी थी। इस परीक्षा में शाला के 9 बच्चे का चयन नेशनल लेवल के लिए हुआ था। जिसमें प्रथम रैंक में शाला के पलक जोशी व निकुम अग्रवाल रहे। द्वितीय रैंक में संमृद्धि जैन व श्रैनिक जैन रहे। तीसरे रैंक में शाला के वंदित पारख तथा अमृत भिमनानी रहे। चौथे रैंक में प्रखर सोनी तथा सातवें रैंक में दीपल चौरसिया रही। बच्चों की इस उपलब्धि पर शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी एवं श्रीमती सोनल बाजपेयी ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी, साथ ही बच्चों को आगे की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी।

बच्चों की इस उपलब्धि पर शाला की अकेडमिक डायरेक्टर श्रीमती उर्मिला दीक्षित, प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, कोऑर्डिनेटर अभिजीत मुखर्जी, एडमिन नितिन चौहान तथा शिक्षकगण ने बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगी परीक्षा के सफल आयोजन में प्रतियोगी परीक्षा प्रभारी शिक्षक रमाकांत साहू का विशेष सहयोग रहा।

# नगर निगम जनदर्शन में प्राप्त 9 आवेदनों में राशन कार्ड के

## 7 प्रकरणों का होगा शीघ्र निराकरण




राजनांदगांव (दावा)। नागरिकों की समस्या के त्वरित निराकरण के लिये जिलाधीश संजय अग्रवाल के निर्देश पर सभी विभागों में प्रत्येक सोमवार को प्रात 11:00 बजे से 1:00 बजे तक जनदर्शन का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कडी में इस सोमवार प्रातः 10:30 बजे नगर निगम सभागृह में आयोजित जनदर्शन में निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर विभागीय प्रमुख नागरिकों की समस्या से अवगत हुये। आज के जनदर्शन में राशन कार्ड संबंधी 07 एवं अन्य 2 आवेदन प्राप्त हुये।

नागरिकों की समस्या से रूबरू होने, उसका निराकरण करने एवं नागरिकों को शासन की योजना का लाभ देने जिलाधीश श्री अग्रवाल के आदेशानुसार एवं आयुक्त श्री गुप्ता के निर्देश पर इस सोमवार नगर निगम के सभागृह में प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक जनदर्शन लगाया गया। जनदर्शन में 09 आवेदन प्राप्त हुये जिनमें विकलांग पेंशन तथा एल.पी.जी. गैस गोदाम के प्रभाव संबंधी 1-1 आवेदन तथा राशन कार्ड में नाम जोड़ने एवं नाम सुधार करने संबंधी 7, इस प्रकार कुल 09 आवेदन प्राप्त हुये, प्राप्त आवेदनों का अतिशीघ्र निराकरण किया जावेगा।

जनदर्शन का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों की समस्या का त्वरित निराकरण करना है और राशन कार्ड में नाम जोड़ने व सुधार करने संबंधी 07 आवेदनों का अतिशीघ्र निराकरण होगा, जनदर्शन में आये आवेदनों का उचित समाधान किया जायेगा ताकि उनके समस्या का निराकरण होने के साथ साथ उन्हें शासन की योजना का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। जनदर्शन में उपायुक्त मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके, प्र.कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव, प्र.कार्यालय अधीक्षक अशोक चौबे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# डॉ. चरणदास मंहत अंतर्राष्ट्रीय सदगुरु कबीर सत्संग एवं मूर्ति प्रतिष्ठा समारोह में होंगे शामिल



राजनांदगांव (दावा)। सुकुलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सदगुरु कबीर सत्संग एवं मूर्ति प्रतिष्ठा एवं छ.ग. लोक मितान महोत्सव दिनांक 22 एवं 23 फरवरी दिन गुरूवार, शुक्रवार को होगा। जिसमें भारत के अनेकों प्रांतों के साथ ही साथ विदेशों से भी संत मंहत एवं भक्त हंसजनों की आगमन होगी।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंथ श्री 1008 हजूर अर्धनाम साहेब कबीर पंथाचार्य साथ ही साथ परम पूज्य पाद धर्माधिकारी श्री सुधाकर दास शास्त्री साहेब कबीर धर्म स्थान खरसिया एवं सदगुरु कबीर प्राकट्य धाम लहरतारा वाराणसी (उ.प्र.) के पावन सानिध्य में कबीर सत्संग एवं मूर्ति प्रतिष्ठा और सात्विक चौंका आरती यज्ञ तथा वृहद रूप से भोजन भंडारा होगा। इस आयोजन में प्रमुख रूप से छ.ग. विधानसभा नेता प्रतिपक्ष चरणदास मंहत, डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक दलेश्वर साहू, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण राजनांदगांव के अध्यक्ष भागवत साहू, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, गुलाब वर्मा वरिष्ठ समाजसेवी जैसे अनेक गणमान्यजन शामिल होंगे। विशेष रूप से इस आयोजन में दूर देश के विदेशों में रहने वाले विशिष्ट महापुरुषों की आगमन रहेगी। यह जानकारी सदगुरु कबीर आश्रम पेंड्री के अध्यक्ष फलेश कुमार साहू ने दी है।

# डॉ. अंबेडकर की अस्थि का दर्शन कर धन्य हो रहे लोग - रविंद्र रामटेके



राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविंद्र रामटेके और उपाध्यक्ष अनीता लोकेश इंदुरकर सहित बड़ी संख्या में अंबेडकर अनुयायियों ने बोधिसत्व बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की अस्थि कलश यात्रा का विगत दिवस तुमड़ीबोड में आत्मीय स्वागत किया।

पुष्पमाला पुष्पगुच्छ एवं पुष्प वर्षा से स्वागत होने से यात्रा में शामिल अतिथिगण भाव विभोर हुए बिना नहीं रहे। यात्रा के दौरान स्वागत करने के उपरांत मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री रामटेके ने कहा कि जिन श्रद्धालुओं ने भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर प्रत्यक्ष दर्शन नहीं कर पाए थे।

**अस्थि कलश यात्रा का जिला भाजपा अनुसूचित मोर्चा द्वारा आत्मीय स्वागत**

उनके लिए उनकी अस्थि का दर्शन कर पाना बहुत ही सौभाग्य की बात है। दर्शन करने वाले यह कह भी रहे हैं कि वे बाबा साहेब की अस्थि कलश के दर्शन करके धन्य हो गए। इस दौरान लोकेश इंदुकर, करण नंदेश्वर, विशाल टेम्भूरकर, ब्रजेश सहारे, रत्नदील नंदेश्वर, दीपक उइके, गौतम बांसोड़, मनीष बडोले, अमित मेश्राम, रूपेश भास्कर, स्पंदन चौधरी, रोहित टेम्भुरकर, शुभम टेम्भुरकर, हृदय लाल मौर्य, मुकेश पांडे सहित जिला भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

# श्री उत्तर प्रदेशीय वैश्य संघ की नई कार्यकारिणी का गठन

राजनांदगांव (दावा)। श्री उत्तर प्रदेशीय वैश्य संघ परिवार के द्वारा नई कार्यकारिणी का गठन किये जाने हेतु बैठक रखी गई है। श्री उत्तर प्रदेशीय वैश्य संघ परिवार में सम्मिलित घटक श्री अग्रहरि, श्री अयोध्यावासी, श्री दोसर, श्री गहोई, श्री कसौंधन एवं श्री यज्ञसेनी वैश्य समाज के प्रतिनिधियों से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई। उक्त बैठक आज 20 फरवरी मंगलवार को रात्रि 8 बजे से एलिगेंट कॉलेज, मोतीनाथ मंदिर के बाजू, भरकापारा, काली माई मंदिर रोड में रखी गई है। संघ के मंत्री शैलेष गुप्ता ने सभी घटक प्रमुखों से निवेदन किया है कि अपने घटक के 7-7 प्रतिनिधियों को सूचित करें एवं साथ में लेकर आए।

# आज सुरगी में सम्मान समारोह

राजनांदगांव (दावा)। सर्व नाई सेन समाज का सम्मान समारोह कार्यक्रम सुरगी सोमनी ब्लॉक में जिले के समस्त पदाधिकारी को सादर आमंत्रित है। यह कार्यक्रम ग्राम जंगलेसर के बाजार चौक चंद्राकर भवन में रखा गया है। आज दिनांक 20 फरवरी दिन मंगलवार को सुबह 10 बजे समस्त सामाजिक बंधु को सादर आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी प्रेमलाल सेन ने दी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत-दीवानभेड़ी**
**विकासखण्ड डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव**

**साप्ताहिक बाजार नीलामी सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 हेतु साप्ताहिक बाजार नीलामी सोमवार, दिनांक 26/02/2024 को समय प्रातः 11.00 बजे पंचायत भवन में की जावेगी। इच्छुक बोलीकर्ता कार्यालयीन समय में नियम व शर्तों का अवलोकन कर सकते हैं।

सुमित्रा लीलम गोस्वामी
सरपंच

रामदास साहू
सचिव

**श्री कृष्णा (एयरकुल) में**

शानदार दूसरा सप्ताह — रोजाना 4 खेलों में

समय : 12, 3, 6 व 9 बजे

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।

मनोज राजपूत फिल्मस प्रस्तुत

**गांव के जीरो शहर मा हीरो**

(छत्तीसगढ़ी भाषा में)

कलाकार - मनोज राजपूत, इशिका यादव, किशानी घोष, धर्मेन्द्र चौबे, संजय महानंद आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

**SILVER SCREEN Multiplex**
17th Feb to 22nd Feb 2024




Madame Web (Hindi)- 03:30 and 09:30 pm
Aakhir Palaayan Kab tak - 06:15 pm
Dashmi - 12:15 pm
Teri Baaton Main Aisa Uljha Jiya - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Fighter - 12:30, 03:15, 06:30 and 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

# अग्निवीर वायु सेना भर्ती के लिए निःशुल्क कोचिंग



राजनांदगांव (दावा)। अग्निवीर वायु सेना भर्ती के लिए आवेदन करने वाले जिले के पात्र अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा हेतु निःशुल्क कोचिंग प्रदान किया जाएगा। निःशुल्क कोचिंग के लिए अभ्यर्थी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव तथा दूरभाष क्रमांक 07744-299523 एवं मोबाईल नंबर 9098188045 से पर संपर्क कर अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।

**//आम सूचना//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार कृपाल उद्योग पार्टनर श्रीमति श्रेया माखीजा ध.प. राजेश माखीजा निवासी भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने श्रीमति माना बाई ध.प. स्व. महेश राम साहू नाबालिक उमेश, नाबालिक आशा दोनों आ. स्व. महेश राम साहू पालक माता श्रीमति माना बाई, माधुरी आ. स्व. महेश राम साहू, आत्माराम, विश्वासा दोनों पिता भगेला राम साहू, भगईया पति स्व. भगेला राम साहू सभी निवासी ग्राम पचपेड़ी, पोस्ट बनबघेरा, तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 228/3 रकबा 0.60 एकड़ (0.240 हे.) स्थित ग्राम पचपेड़ी प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. उपरवाह, तहसील व जिला राजनांदगांव को क्रय करने का सौदा किया है और सौदा पेटे बयाना राशि भुगतान कर इकरारनामा निष्पादित करा लिया है। उक्त सौदाशुदा भूमि का अब मात्र पंजीयन कार्यालय राजनांदगांव से पंजीकृत बयनामा निष्पादित कराना शेष है। उक्त सौदाशुदा भूमि के संबंध में यदि किसी आम या खास शख्स अथवा शासकीय/अर्द्ध शासकीय/ निकाय/ संस्था को किसी प्रकार से कोई उजर आपत्ति हो तो समक्ष दस्तावेजों के साथ अपनी आपत्ति इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उपर वर्णित सौदा शुदा भूमि का पंजीयन विक्रय पत्र निष्पादित करा लिया जायेगा। तत्पश्चात् प्राप्त किसी भी प्रकार से आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा और वह निष्प्रभावी माना जावेगा। अतः सूचना जाने...।

राजनांदगांव
दिनांक: 19/02/2024

भवदीय,
जी.डी. साहू, अधिवक्ता
बल्देव बाग, राजनांदगांव (छ.ग.)
मो. नं. 9907979554

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक लखोली, तहसील जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**सीमांकन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव के ज्ञापन कमांक /73/प्रवा. तह. /2024 राजनांदगांव दिनांक **04/01/2024** के अनुसार आवेदक संजय अग्रवाल पिता रामनिवास अग्रवाल निवासी कामठी लाईन तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा ग्राम लखोली प.ह.नं. 42 रा.नि.मं. लखोली तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं. 497/72 रकबा 0.0150 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन दिनांक **23/02/2024** दिन शुक्रवार समय **12.00** बजे पश्चात किया जाना नियत किया गया है। अतः उक्त सीमांकन के संबंध में ग्राम लखोली पटवारी हल्का नं. 42 स्थित खसरा नंबर 497/72 के संबद्ध समस्त हितबद्ध पक्षकार उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

**जारी दिनांक-15-02-2024**

राजस्व निरीक्षक
राजस्व निरीक्षक मंडल लखोली

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
1-2-6
446-4 266-4
राजधानी
3-7-9
123-6 460-0

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

प्ररूप छ-8
(नियम 49-ड, (3) देखिये)

**कार्यालय-रिटर्निंग अधिकारी मिनीमाता मत्स्य सहकारी समिति मर्यादित तेन्दुभांठा**
**पंजीयन क्रं. 608, वि.ख.-डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**


क्रमांक/निर्वाचन/04/2024 — **निर्वाचन कार्यक्रम** — दिनांक 19/02/2024

राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग, छत्तीसगढ़ द्वारा आदेश क्रमांक/रा.स.नि.आ/निर्वाचन/RJN.-160/2024/129 रायपुर, दिनांक-14/02/2024 के द्वारा मुझे मिनीमाता मत्स्य सहकारी समिति मर्यादित, तेन्दुभांठा पंजीयन क्रं.608 के निर्वाचन हेतु रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। मण्डल के सदस्यों के निर्वाचन हेतु निम्नलिखित निर्वाचन कार्यक्रम निश्चित किया गया है जिसे सोसाइटी के समस्त सदस्यों के सूचनार्थ एतद् द्वारा प्रकाशित किया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सोसाइटी की पंजीकृत उपविधि के अनुसार मण्डल के लिए निर्वाचित किये जाने वाले सदस्यों की कुल संख्या-09 | विवरण निम्नांकित है- |
| | (अ) सामान्य वर्ग से (अनारक्षित) -05 | (इसमें से महिला वर्ग हेतु आरक्षित-02) |
| | (ब) अ.जा.वर्ग से -03 | (इसमें से महिला वर्ग हेतु आरक्षित-निरंक) |
| | (स) अ.ज.जा. -निरंक | (इसमें से महिला वर्ग हेतु आरक्षित-निरंक) |
| | (द) अन्य पिछड़ा वर्ग से -01 | (इसमें से महिला वर्ग हेतु आरक्षित-निरंक) |
| | योग -09 | योग-02 |
| **टीप: जिस वर्ग में महिला आरक्षण का प्रावधान नहीं किया गया है उसे निरंक दर्शाया जाये** | | |
| 2. | नामांकन पत्र प्रस्तुत करने का दिनांक, स्थान, समय | दिनांक **26.02.2024** समय दोप. 12:00 बजे से 3:00 बजे तक स्थान - सोसाइटी कार्यालय, तेन्दुभांठा |
| 3. | नामांकन पत्र की संवीक्षा (जांच) एवं वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन | दिनांक - **28.02.2024** समय दोप. 12:00 बजे से संवीक्षा (जांच) पूर्ण होने तक। स्थान- सोसाइटी कार्यालय, तेन्दुभांठा |
| 4. | नामांकन पत्रों की वापसी का दिनांक तथा चुनाव लड़ने वाले अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चिन्हों का आवंटन | दिनांक **29.02.2024** समय- प्रातः 12:00 बजे से 2:00 बजे तक स्थान- सोसाइटी कार्यालय, तेन्दुभांठा |
| 5. | विशेष साधारण सम्मिलन में चुनाव (मतदान) दिनांक एवं मतगणना | दिनांक **02.03.2024** समय प्रातः 8:00 बजे से 3:00 बजे तक स्थान-सोसाइटी कार्यालय, तेन्दुभांठा (चुनाव समाप्त होने के पश्चात आधा घंटे बाद मतगणना प्रारंभ की जायेगी।) |
| 6. | रिक्त पदों पर सहयोजन (यदि आवश्यक हो) | दिनांक **04.03.2024** समय प्रातः 12:00 बजे से 2:00 बजे तक स्थान - सोसाइटी कार्यालय, तेन्दुभांठा |
| 7. | अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसाइटियों के प्रतिनिधियों तथा अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन की सूचना जारी करना | दिनांक - **05.03.2024** |
| 8. | अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसाइटियों के प्रतिनिधियों तथा अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन दिनांक, समय एवं स्थान | दिनांक **12.03.2024** समय प्रातः 12:00 बजे से 2:00 बजे तक स्थान - सोसाइटी कार्यालय, तेन्दुभांठा |

(आर. एस. नायक)
रिटर्निंग अधिकारी
मिनीमाता मत्स्य सहकारी समिति
मर्यादित तेन्दुभांठा, पं. क्र. 608

# छत्तीसगढ़ में लगातार नक्सली घटनाओं को लेकर भूपेश ने गृहमंत्री पर कसा तंज : बोले- कब करेंगे नक्सलियों से बातचीत?

रायपुर। छत्तीसगढ़ में लगातार नक्सली घटनाओं को लेकर प्रदेश के पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने राज्य की बीजेपी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने डिप्टी सीएम विजय शर्मा पर तंज कसते हुए कहा कि नक्सली पर्चा फेंका गया है, फिर राज्य के गृहमंत्री बताएं कि नक्सलियों से बातचीत कब हो रही है? किस स्तर पर होगी? किस मंच पर होगी और किन शर्तों पर होगी? इन बातों को खुलासा गृहमंत्री को करना चाहिए। प्रदेश में लगातार नक्सली वारदातें हो रही हैं। अधिकारियों और जवानों की हत्या हो रही हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी सरकार में नक्सली घटनाएं बढ़ी हैं। डिप्टी सीएम के घर कवर्धा में आपराधिक वारदातें हो रही हैं पर कोई लगाम नहीं लग पा रहा है। सुरक्षा बलों के कैंप पर नक्सली घटनाएं घट रही हैं। गौ तस्करी बढ़ गई है। बीजेपी सरकार में कानून की स्थिति लचर और बद से बदतर हो गई है। गृहमंत्री शर्मा ने कहा था कि मैं नक्सलियों से टेलीफोन पर चर्चा करना चाहता हूं, वो बोले हैं तो उस पर आगे बढ़ना चाहिए।

## 'लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बीजेपी डरी हुई है'

बीजेपी की ओर से कांग्रेस नेताओं को लोकसभा चुनाव के लिए प्रलोभन देने के सवाल पर कहा कि मुझे भी एक विधायक ने कहा था कि उनसे टिकट को लेकर बातचीत हुई थी। चुनाव के बाद मंत्री बना देंगे। इस प्रकार की बातें लगातार चल रही हैं। इसका मतलब यह है कि लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बीजेपी डरी सहमी हुई है। वजह है कि चाहे यूपी, बिहार और महाराष्ट्र की घटनाक्रम हो। यह सारी बातें इस ओर संकेत कर रही है कि बीजेपी लोकसभा चुनाव हारने वाली है। इस वजह से बीजेपी तोड़फोड़ की राजनीति कर रही है। उसे अपने ऊपर भरोसा नहीं रह गया है।

## 'महतारी वंदन योजना की डेट बढ़ाएं'

महतारी वंदन योजना को लेकर कहा कि भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि बीजेपी ने विधानसभा चुनाव 2023 के समय 60 लाख फार्म महिलाओं से भरवाये थे, उन्हें दोबारा भरवाने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। उनके खाते में पहले ही पैसा डाल देना चाहिए। बाकी महिलाओं के खाते में बाद में पैसा डाल देना चाहिए। इस योजना के तहत आवेदन करते की अंतिम तिथि 20 फरवरी है, इसे भी बढ़ाना चाहिए। वहीं किसानों को धान का 2100 रुपए नहीं मिला है, जो नगद मिल जाएगा वह अभी तक नहीं मिला है, जो गन्ना किसान हैं उन्हें 355 रुपए मिल रहा था, उन्हें मिलेगा कि नहीं, यह भी सरकार स्पष्ट करें। जो इन्हें इनपुट सब्सिडी 10 हजार प्रति एकड़ मिलता था, वह मिलेगा कि नहीं इसे भी स्पष्ट करना चाहिए।

# डिप्टी सीएम अरुण साव ने भूपेश बघेल का बताया झूठा



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर तंज कसते हुए डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि वो झूठे हैं. पांच सालों तक उनकी यहां सरकार रही. सरकार में रहते हुए उन्होने नक्सलवाद के खात्मे के लिए कभी कोशिश नहीं की. विकास और नक्सलवाद के उन्मूलन को लेकर जितने भी दावे कांग्रेस ने किए सब झूठे निकले. सदभावना क्रिकेट टूर्नामेंट के कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे साव ने क्रिकेट की पिच पर भी हाथ आजमाया.

सदभावना क्रिकेट प्रतियोगिता के कार्यक्रम में पहुंचे डिप्टी सीएम मंच से खिलाड़ियों का जमकर हौसला बढ़ाया. अरुण साव ने कहा कि खेल और खिलाड़ी दोनों देश के लिए जरुरी हैं. मैच के उदघाटन के अवसर पर जब डिप्टी सीएम ने बैट थामा तो बॉल को बाउंड्री पार भेजकर अपनी प्रतिभा से सबको चकित भी किया. कार्यक्रम के दौरान राजनांदगांव में स्वदेशी मेले का भी उदघाटन अरुण साव ने किया.

बीते दिनों हुए नक्सली घटनाओं को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर तंज कसा था. मीडिया ने जब उनसे इस बाबत सवाल पूछा तो वो कांग्रेस और खासकर भूपेश बघेल पर भड़क गए. साव ने कहा कि अपने पांच सालों के कार्यकाल का मूल्यांकन कांग्रेस को कहना चाहिए. विकास के नाम पर जनता के साथ कांग्रेस ने लूट का खेल खेला. नक्सलवाद की समस्या को खत्म करने के बजाए उसे पालते पोसते रहे. बघेल पर हमलावर होते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि अब हमारी सरकार आ गई है. विकास की रफ्तार दिखाई देने लगी है. कांग्रेस को डिप्टी सीएम ने अपने गिरेबां में झांकने की भी सलाह दी.

## निगम में कार्यादेश व भुगतान करने सौपा ज्ञापन

आज उप मुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर निगम के पूर्व में रुके हुए भुगतान एवं जिन कार्यो के कार्य आदेश जारी नहीं हुए है, उन पर चर्चा की। उपमुख्यमंत्री से आश्वाशन मिला कि शीघ्र ही उचित निर्णय लिया जायेगा। निगम ठेकेदार एवं भाजपा जिला कोषाध्यक्ष आलोक बिंदल, संजय सोनी, जिला मंत्री भाजपा पिछड़ा मोर्चा, रवि राजपूत, विकेश शर्मा, पंकज राठौर, नरेंद्र यादव, समीर श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# आज महतारी वंदन योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि, अब तक 63 लाख महिलाएं भर चुकी है फॉर्म

रायपुर। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार लोकसभा चुनाव से पहले विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा करने में जुटी है। इन्हीं वादों में शामिल महतारी वंदन योजना के लिए आनलाइन और आफलाइन के माध्यम से आवेदन भरे जा रहे हैं। मंगलवार को इस योजना के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि है। इस योजना के लिए अब तक 63 लाख से अधिक आवेदन जमा हो चुके हैं।

आवेदन के लिए आनलाइन पोर्टल 222.द्धड्डद्धह्लड्डह्द्ध1ड्डठ्ठस्त्रड्डठ्ठ.ष्द्दद्धह्लड्डह्लद्ध.द्दश1.द्धठ्ठ व मोबाइल एप बनाया गया है। महिला और बाल विकास विभाग की ओर से इस योजना से संबंधित जानकारी और समस्या के समाधान के लिए राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जिसका हेल्पलाइन नंबर 18002334448 है। इस टोल फ्री नंबर पर सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक संपर्क किया जा सकता है। राज्य स्तर पर महिला एवं बाल विकास विभाग को योजना के क्रियान्वयन के लिए नोडल विभाग बनाया गया है। फिलहाल योजना से लाभान्वित करने के लिए पात्र महिलाओं से फार्म भरवाए जा रहे हैं। सभी जिलों में पंचायत और आंगनबाड़ी स्तर पर फार्म भरवाने के लिए आयोजित किए जा रहे शिविरों में महिलाओं की काफी भीड़ उमड़ रही है।

## जिलेवार कितने लोगों ने किया आवेदन

महतारी वंदन योजना के अंतर्गत अब तक कोरबा में दो लाख 63 हजार 956, बलरामपुर जिले में दो लाख चार हजार 584, कबीरधाम में दो लाख 45 हजार 193, कोंडागांव में एक लाख 30 हजार 32, सूरजपुर में दो लाख दो हजार 12, बस्तर में एक लाख 75 हजार 556, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 87 हजार 212, जशपुर में दो लाख 23 हजार 65, रायगढ़ में दो लाख 96 हजार 599, दुर्ग में तीन लाख 59 हजार 813, गरियाबंद में एक लाख 85 हजार 293, जांजगीर-चांपा में दो लाख 98 हजार 121, बलौदाबाजार में तीन लाख 31 हजार 18, बालोद में दो लाख 52 हजार 597 महिलाओं ने आवेदन किया है। इसके अलावा बिलासपुर में तीन लाख 78 हजार 85, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में दो लाख 277, राजनांदगांव में दो लाख 62 हजार 809, दंतेवाड़ा में 55 हजार 146, सरगुजा में दो लाख 27 हजार 880, कोरिया में 60 हजार 896, रायपुर में पांच लाख 54 हजार 678, सक्ती में दो लाख 440, बेमेतरा में दो लाख 67 हजार 691, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में एक लाख 13 हजार 817, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 99 हजार 982, धमतरी में दो लाख 56 हजार 11, बीजापुर में 33 हजार 413, मोहला-मानपुर-अंबाग? चौकी में 88 हजार 447, मुंगेली में दो लाख 49 हजार 961, महासमुंद में तीन लाख 36 हजार 42, सुकमा में 50 हजार 287, नारायणपुर में 26 हजार 27, कांकेर में दो लाख 22 हजार 185 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

## ये दस्तावेज जरूरी

स्व सत्यापित स्वयं की पासपोर्ट साईज फोटो, स्थानीय निवासी के संबंध में निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र दस्तावेज, स्वयं का एवं पति का आधार कार्ड, यदि हो तो स्वयं का एवं पति का पैन कार्ड, विवाह का प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत व स्थानीय निकायों द्वारा जारी किए गए प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी। विधवा होने की स्थिति में पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यक्ता होने की स्थिति में समाज द्वारा जारी, वार्ड, ग्राम पंचायत द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। जन्म प्रमाण पत्र कक्षा 10वीं या 12वीं की अंकसूची या स्थानांतरण प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। पात्र हितग्राही का बैंक खाते का विवरण एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा स्व-घोषणा पत्र, शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

# सात आईपीएस को मिली पहली पोस्टिंग, अमन कुमार झा को रायपुर और चिराग जैन को दुर्ग सीएसपी बनाया गया

रायपुर। राज्य सरकार ने 2020 और 2021 बैच के सात आइपीएस अधिकारियों को प्रोबेशन पीरियड खत्म होने के बाद पहली पोस्टिंग दी गई है। आइपीएस अमन कुमार झा को नगर पुलिस अधीक्षक रायपुर नियुक्त किया गया है। वहीं, 2020 बैच के आइपीएस चिराग जैन को नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग में नियुक्त किया गया है। आइपीएस आकाश शुक्ला को नगर पुलिस अधीक्षक रायगढ़, आइपीएस रविंद्र कुमार मीणा को कोरबा, आइपीएस रोहित कुमार शाह को सरगुजा, उदित पुष्कर को जगदलपुर असौ उमेश प्रसाद गुप्ता को बिलासपुर का नगर पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है।

# बसंत पंचमी पर नौ-निहालों का हुआ विद्यारंभ संस्कार



राजनांदगांव (दावा)। केसर नगर स्थित गायत्री विद्या मंदिर हिन्दी माध्यम में बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती गायत्री की पूजा-अर्चना कर हर्षोल्लास से बसंत पंचमी का पर्व मनाया गया। इस दौरान स्कूल में पढ़ने वाले नौ-निहाल विद्यार्थियों का वैदिक मंत्रो के बीच विद्यारंभ संस्कार, पट्टी पूजन, दीक्षा संस्कार आदि कराया गया। वही वेद मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ हवन कार्यक्रम भी आयोजित रही। जिसमें विद्यार्थियों सहित उनके पालकों व स्कूल स्टाफ के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने स्वाहा मंत्र के साथ आहुतिया प्रदान की। शाला के प्राचार्य सुश्री सीमा श्रीवास्तव ने विद्यारंभ संस्कार में आए पालकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि बच्चों में बचपन से संस्कारों का बीज बोया जाना जरूरी है। इससे आगे चलकर वे सभ्य एवं संस्कारिक नागरिक बनते है। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, सूर्यकांत चितलांग्या एवं अन्य पदधिकारियों की उपस्थिति रही जिनके द्वारा विद्यारंभ संस्कार, पट्टी पूजन, दीक्षा संस्कार आदि से संस्कारित हुए विद्यार्थियों को आशीर्वाद प्रदान किया गया।

# भाजपा जो बोलती है वो ज़रूर करती है, कांग्रेस पार्टी अपनी चिंता करें- भरत वर्मा



रायपुर (दावा)। भाजपा महामंत्री भरतलाल वर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा मातृ वंदन योजना पर दिए गए बयान पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा द्वारा मातृ शक्ति से जो वादा किया गया हैं उसे हर हाल में पूरा किया जाएगा क्योंकि ये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दी गई गारंटी है। भाजपा जो बोलती हैं उसे ज़रूर पूरा करती है कांग्रेस की तरह नहीं जो वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में हाथों में गंगाजल लेकर छत्तीसगढ़ में महिलाओं से शराबबंदी करने का वादा किया था और सत्ता मिलते ही अपना वादा भूल गए और पांच साल सत्ता की मलाई खाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को महिलाओं की चिंता हो रही हैं। दरअसल महतारी वंदन योजना को मिल रहा रिस्पॉन्स को देखकर सारे कांग्रेसी नेताओं के सीने में सांप लोटने लग गया हैं और बौखलाहट वश अनर्गल टिप्पणी कर रहे हैं। ये इनकी हताशा को स्पष्ट रूप से दर्शाया रहा है।

**महतारी वंदन योजना मात्र योजना नहीं है, ये मोदी की गारंटी है**

श्री वर्मा ने कहा कि महतारी वंदन योजना मात्र योजना नहीं है ये मोदी की गारंटी है। प्रदेश में इस योजना का लाभ लेने के लिए बड़ी संख्या में महिलाओं द्वारा आवेदन किया जा रहा हैं 5 फरवरी से महिलाओं द्वारा आवेदन भरने का सिलसिला जारी है। इसके लिए प्रशासन द्वारा शिविरों में महिलाओं से आवेदन पत्र भरवाए जा रहें हैं अब तक 70 लाख के आसपास आवेदन पत्र प्राप्त हो चुके है। राज्य शासन द्वारा ऑनलाइन एवम ऑफलाइन माध्यम से आवेदन पत्र लिए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ की भाजपा की सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए महतारी वंदन योजना लागू की गई है आगामी मार्च महीने से पात्र महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलने लगेगा। प्रतिवर्ष 12 हज़ार रुपए की सहायता राज्य सरकार द्वारा पात्र महिलाओं को दी जाएगी। भाजपा महामंत्री भरत लाल वर्मा ने आगे कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपनी कांग्रेस पार्टी की चिंता करनी चाहिए क्योंकि जिस प्रकार इंडी एलायंस के घटक दल एवं वरिष्ठ नेता कांग्रेस छोड़कर जा रहे हैं कहीं ऐसा न हो देश की जनता बहुत जल्द ये कहने ना लगे कि एक थी कांग्रेस.....?

# सेवानिवृत्त दिवस में कर्मचारियों को पेंशन का आदेश हो




**० पेंशन प्रकरणों की तैयारी सेवानिवृत्ति के दो वर्ष पूर्व से किया जावे**

राजनांदगांव (दावा)। संचालक कोष लेखा एवं पेंशन महादेव कावरे ने 17 फरवरी को सभी संयुक्त संचालक कोष के साथ समीक्षा में पाया की राज्य में 800 से ज़्यादा पेंशन के प्रकरण लंबित हैं जैसे रायपुर संभाग में 240, दुर्ग 100, बिलासपुर 253, बस्तर 117, सरगुजा 96।

संचालक श्री कावरे ने सभी संयुक्त संचालकों को ज़िले में कलेक्टर द्वारा ली जाने वाली समय सीमा बैठक में समीक्षा करवाने, आयुक्त द्वारा भी समीक्षा करवाकर लंबित पेंशन प्रकरण को निराकरण के निर्देश दिये हैं. संचालक श्री कावरे ने पेंशन प्रकरणों के समीक्षा में बताया की शासन द्वारा कर्मचारी के सेवानिवृत्ति के 2 वर्ष पूर्व से प्रकरण की तैयारी करने, सेवानिवृत्ति के दिन पेंशन का आदेश देने हेतु दिये गये निर्देश का पालन करने कहा है। समीक्षा दौरान तिलकराम सौरी वित्त नियंत्रक, ए.के. सिंह वित्त नियंत्रक पेंशन सभी संयुक्त संचालक वीडियो कांफ्रेंस में जुड़े थे।

# आयुक्त ने ग्रीष्म ऋतु के पूर्व पर्याप्त पेयजल के लिये व्यवस्था दुरुस्त करने के दिये निर्देश



राजनांदगांव (दावा)। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने गत शनिवार को अपने कक्ष में जल विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर अगामी ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संबंधी व्यवस्था दुरूस्त करने एवं अमृत मिशन के शेष कार्यो को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बैठक में पूर्व बैठक की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अगामी ग्रीष्म ऋतु के पूर्व पेयजल व्यवस्था दुरूस्त किया जाये, हैण्ड पंपों का मरम्मत कर पाईप लाईन मरम्मत संबंधी सामग्री, एलम ब्लीचिंग आदि की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित किया जावे, कम पानी आने की शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाये। जिन क्षेत्रों में अमृत मिशन के तहत बिछे पाईप लाईन से पेयजल आपूर्ति की जा रही है वहां पूर्व के पाईप लाईन को बंद किया जाये। वार्डो में पाईप लाईन लिकेज एवं अनावश्यक पानी बहने की शिकायत का त्वरित निराकरण किया जाये। इसके अलावा पार्षदों एवं नागरिकों द्वारा पेयजल संबंधी शिकायत प्राप्त होने पर प्राथमिकता से उसका निराकरण करना है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बैठक में कहा कि अमृत मिशन के बचे काम जल्द पूर्ण करे, नल कनेक्शन, इंटर कनेक्शन के शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करें, जहॉ कार्य चल रहा है, वहां पेयजल आपूर्ति प्रभावित न हो इसका विशेष ध्यान रखा जावें। उन्होंने कहा कि जहॉ पाईप लाईन बिछाने का कार्य शेष है, वहा पाईप लाईन बिछावे, जहॉ बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है वहा टेस्टिंग कर नई लाईन से पानी सप्लाई करे तथा पुरानी लाईने बंद करें। सभी क्षेत्रों में प्रेशर के साथ सुचारू पेयजल सप्लाई हो सकें, इसका विशेष ध्यान रखा जावे। उन्होंने कहा कि पार्षदों से घर कनेक्शन के संबंध में जानकारी लेकर शीघ्र कनेक्शन देवे, जिससे गर्मी में सुचारू पेयजल सप्लाई हो सकें। अनावश्यक पानी बहने की शिकायतों का निराकरण कर अतिरिक्त नल बंद करे। बैठक में कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता दिलीप मरकाम सहित जल विभाग एवं अमृत मिशन के अधिकारी उपस्थित थे।

# कॉन्फ्लुएंस कॉलेज में वार्षिक उत्सव समागम संपन्न




राजनांदगांव (दावा)। नव दुर्गा शक्ति पूजा आरती मिलकर किए समागम के अतिथियों ने नृत्य प्रस्तुति से वातावरण हुआ भक्तिमय समागम के मुख्य अतिथि डॉ.भूपेंद्र कुलदीप कुलसचिव हेमचंद यादव दुर्ग विश्वविद्यालय, विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, डॉ. रेणुका गहने डीन मेडिकल कॉलेज, राजनांदगांव, महाविद्यालय के डायरेक्टर आशीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल एवं डॉ.मनीष जैन सहित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.रचना पांडे एवं उप प्राचार्य जयसी लाल सहित अतिथियों का उद्बोधन प्राप्त हुआ।

सर्वप्रथम माता सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ अरपा पैरी की धार राजकीय गीत से आयोजन का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. विजय मानिकपुरी ने किया और कहा कि भारत अनेकता में एकता का प्रतिरूप है जिसकी झलक समागम में दिखाई दे रहा है हमारे अतिथियों का स्वागत बच्चों द्वारा निर्मित इको फ्रेंडली सामग्री वेस्ट से बेस्ट से की गई। कुलसचिव ने सराहना करते हुए कहा छात्रों में अद्भुत क्षमता होती है। डॉ.रचना पांडे प्राचार्य ने वार्षिक प्रतिवेदन में कहा कि महाविद्यालय में हर क्षेत्र मे विद्यार्थी ने अपनी प्रतिभा को दिखाया है चाहे शिक्षक भर्ती प्रक्रिया मे सबसे बड़ी संख्या में नियुक्ति हो, विश्व विद्यालय में आयोजित प्रदर्शनी में उत्कृष्ट सम्मान हो, खेल में राष्ट्रीय पुरस्कार हो चाहे कैम्पस प्लेसमेंट में सिलेक्शन हो जन जागरूकता अभियान हो वृक्षारोपण से लेकर स्वास्थ्य शिविर रक्त परीक्षण शिविर टीकाकरण अभियान रक्तदान हो और परीक्षा में अच्छे परिणाम हो।

कुलसचिव डॉ.भूपेन्द्र कुलदीप ने युवाओं में जोश भरा टारगेट पूरा करने में महत्वपूर्ण है, एकाग्रता और आप इस संकल्प के साथ चले की मुझे कुछ करना है, सफलता आपकी निश्चित है। गहीने मैम ने कहा सहजता ही सबसे बड़ी पूंजी है और समागम समाहित करता है आशीष अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थियों के प्रतिभा का उचित मंच ऐसे वार्षिक उत्सव जैसा आयोजन ही है।

डॉ. मनीष जैन ने कहा कि यह आयोजन से वर्ष भर में किए हुए तैयारी के अवसर प्राप्त होता है और प्रत्येक युवाओं में जोश भरा होता है तथा सबकी अपनी खासियत होती है जिसे मंच मिलता है।

संजय अग्रवाल ने कहा कि यह आयोजन लगातार किया जाता रहा है जिसमें महाविद्यालय परिसर से अधिक संख्या में छात्र उपस्थित रहे तथा छात्रों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में मजबूती प्राप्त कर पाए, शिक्षा के साथ साथ अन्य क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सके। विद्यार्थियों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें श्री गणेश वंदना, नवदुर्गा, पंथी नृत्य, भांगड़ा, नब्बे दसक, और श्रीराम, रामायण, महाभारत, महिला ससक्ति करण महीला सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों से संबंधित नृत्य किए जिसमें देश की एकता और अखंडता संप्रभुता को लेखित करके दिखाया गया। फैशन शो में सांस्कृतिक महत्व और पूरे प्रदेशों के परिधान में फैशन शो किया गया। विद्यार्थियों ने नृत्य, भांगड़ा, नब्बे के दशक से पहले और बाद के गानों पर हुए डांस से धूम मचाया। प्राध्यापक और छात्रों के पालकों की उपस्थिति रही विद्यार्थी हजारों की संख्या में तथा ग्रामवासी उपस्थित रहें।

# श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल में नई टेक्नोलॉजी 3डी प्रिंटिंग के माध्यम से हिप का सफल जोड़ प्रत्यारोपण आपरेशन



रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर महानगर में न्यू राजेंद्र नगर स्थित श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल द्वारा नई तकनीक एवं आधुनिक टेक्नोलॉजी से निर्मित मशीन द्वारा 3डी प्रिंटिंग के माध्यम से हिप का सफल जोड़ प्रत्यारोपण किया गया, यह सफल ऑपरेशन डॉ सुशील शर्मा ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन के मार्गदर्शन में किया गया। यह तकनीक छत्तीसगढ़ में सर्वप्रथम श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल में हिप ऑपरेशन के लिए सफलतम रूप से इस्तेमाल की जा रही है प्राप्त जानकारी के अनुसार 38 वर्षीय मरीज लक्ष्मीकांत साहू जो कि सी.एस.ई.बी. में कार्यरत है, सिकलसेल के कारण हीप जोड़ खराब हो गया था, पिछले एक साल से अपनी ड्यूटी से छुटटी में थे, 12 साल पहले हिप का आपरेशन हुआ था, परन्तु सिकलसेल होने की वजह से उसके हिप जोड़ ढीले हो गये और सॉकेट की हड्डियां गल गयी थी, जिसके कारण अपने दिनचर्या करने तथा चलने-फिरने में बहुत तकलीफ होती थी, फिर श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल के डॉ सुशील शर्मा, आर्थोपेडिक एवं ज्वाईट रिप्लेसमेंट सर्जन से सलाह लिये, जांच के उपरांत पता चला कि एस्टुबूलम की हड्डी गल गयी थी, और सर्जिकल चैलेंजिंग आपरेशन था, जो कि मध्यभारत का सर्वप्रथम 3डी प्रिंटिंग के माध्यम से जोड़ एवं अग्युमेंट बनाया गया और कृत्रिम जोड़ लगाकर मरीज को पूरी तरह ठीक किये और मरीज अभी स्वस्थ्य है। इस 3डी प्रिटिंग के माध्यम से हीप का जोड़ प्रत्यारोपण में सहायक है। डॉ सुशील शर्मा, (आर्थोपेडिक एवं ज्वाईट रिप्लेसमेंट सर्जन), डॉ.प्रयंक हिशीकर (आर्थोपेडिक एवं स्पोर्टइंजुरी विशेषज्ञ), डॉ.अश्विनी मिश्रा, डॉ सुप्रिती शर्मा, डॉ.रवि गोयल एवं समस्त नर्सिंग एवं ओटी स्टाफ।

## क्या है 3 डी प्रिटिंग

3डी प्रिटिंग में मरीज के संबंधित अंगों का 3डी सीटी स्केन कराकर उसे प्लानिंग हेतु इंम्प्लांट डिजाईनर के पास भेजा जाता है, उसके हड्डियों का मॉडल तैयार कर सिटी स्केन के आधार मानकर मरीज के टाईटेनियम मेंटल का मरीज के हड्डियों एवं जोड़ों के अनुसार मरीज का कृत्रिम बनाया जाता है और विशेषकर मरीज की डायमेंशन के अनुसार बनाया जाता है।

## अनमोल दावा

> कुछ न कुछ कर बैठने को ही कर्तव्य नहीं कहा जा सकता। कोई समय ऐसा भी होता है, जब कुछ न करना ही सबसे बड़ा कर्तव्य माना जाता है।

# मणिपुर हिंसा की जड़ें और शांति के प्रयास, उपद्रवियों की मदद करते सुरक्षाकर्मियों ने बढ़ाई चिंता

मणिपुर हिंसा को नौ महीने से ऊपर हो गए, मगर अभी तक कहीं से भी ऐसा नहीं लगता कि उस पर काबू पाने का कोई संजीदा प्रयास किया जा रहा है। आए दिन वहां हिंसा भड़क उठती है और लोग मारे जाते हैं। अब भी पुलिस थानों, विशेष बलों की चौकियों पर हमला कर भीड़ हथियार लूट ले जाती है और सुरक्षाबल उस पर काबू पाने में विफल नजर आते हैं। पिछले हफ्ते पूर्वी इंफल जिले के विशेष बल के शिविर में घुस कर भीड़ ने कई अत्याधुनिक हथियार और गोले-बारूद लूट लिए। इस घटना के बाद सात सुरक्षाकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

बताया जा रहा है कि लूटे गए हथियार और गोला-बारूद भी बरामद कर लिए गए हैं। निस्संदेह इससे सुरक्षाबलों की मुस्तैदी का पता चलता है, मगर इस घटना में उजागर हुए अन्य तथ्य ज्यादा चिंता पैदा करने वाले हैं। दरअसल, एक पुलिसकर्मी को एक उपद्रवी समूह में शामिल देखा गया था, जिसके चलते उसे निलंबित कर दिया गया। उसके निलंबन के खिलाफ भीड़ उग्र हो गई और थाने पर हमला कर दिया। वह उसका निलंबन वापस लेने की मांग कर रही थी। इससे एक बार फिर जाहिर हुआ है कि जिन लोगों पर सुरक्षा की जिम्मेदारी है, वही उपद्रवियों का सहयोग कर रहे हैं।

मणिपुर में इतने दिनों से चल रही हिंसा में अब वहां का समाज, यहां तक कि प्रशासन भी दो हिस्सों में बंट चुका है। मैतेई इलाकों में कुकी सुरक्षाकर्मियों की तैनाती नहीं की जा सकती और न कुकी बहुल इलाकों में मैतेई सुरक्षाकर्मियों की। जब कुकी महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार और उन्हें नंगा घुमाने का वीडियो सामने आया था, तब भी यह तथ्य उजागर हुआ था कि उन महिलाओं को सुरक्षाकर्मियों ने ही भीड़ के बीच ले जाकर छोड़ दिया था।

सुरक्षाकर्मियों के भीतर से जब इस तरह किसी समूह की हिंसा को समर्थन मिलने लगे, तो वहां शांति प्रयासों को गति मिलना मुश्किल हो जाता है। मणिपुर में भी यही हो रहा है। इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता कि सुरक्षाबलों के शिविरों, शस्त्रागारों आदि पर हमला बोल कर हथियार लूटने की घटनाओं के पीछे ऐसे ही समर्थक सिपाहियों-अधिकारियों की शह रही हो। मणिपुर में हिंसा भड़कने के बाद से इब तक हथियार लूटने की अनेक घटनाएं हो चुकी हैं और उनमें बड़े पैमाने पर हथियार लूटे जा चुके हैं। उनमें से बहुत सारे हथियारों की बरामदगी अब तक नहीं हो सकी है। जाहिर है, उनका उपयोग हिंसा में हो रहा है।

वहां हिंसा रोकने के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने एक विशेषाधिकार समिति गठित की थी, वहां हुई घटनाओं की जांच के लिए बाहर के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की अगुआई में दल बनाया गया था, मगर वह प्रयास अभी तक इसलिए पूरी तरह कामयाब नजर नहीं आया है कि स्थानीय प्रशासन से जैसी मदद उन्हें मिलनी चाहिए थी, वह नहीं मिल पा रही। मणिपुर हिंसा के पीछे राजनीतिक मकसद साफ है। प्रशासन का पक्षपातपूर्ण रवैया भी अक्सर दिखता रहा है! ऐसे में जब तक हिंसा रोकने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं दिखाई जाती, इस दिशा में किसी सकारात्मक नतीजे की उम्मीद धुंधली ही बनी रहेगी। मगर अभी तक तो न केंद्र की तरफ से और न राज्य सरकार की तरफ से ऐसा कोई कदम उठाया गया है, जिससे जाहिर हो कि वे इसे रोकने को लेकर सचमुच गंभीर हैं!

# असम में स्वदेशी मुसलमानों के सर्वे से क्यों डरे हुए हैं मियां मुसलमान?

**दिलीप कुमार शर्मा**

मैं बंगाली मूल का मुसलमान हूं. कुछ लोग हमें मियां मुसलमान भी कहते हैं. मुझे नहीं पता सरकार किसे स्वदेशी मुसलमान मानती है? गांव के कुछ लोग गोरिया-मोरिया मुसलमानों के सर्वे की बात कर रहें है. ये सब बातें मुसलमानों की अशांति के लिए हो रही हैं. ये बातें काफ़ी नाराज़गी के साथ 60 साल के मोहम्मद उमर अली ने बताईं. असम के बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र के तामुलपुर जिले के एक बेहद अंदरूनी गांव धेपारगांव के निवासी मोहम्मद उमर अली राजमिस्त्री का काम कर आठ लोगों का परिवार चलाते हैं. लेकिन उनके गांव में इन दिनों इंडिजिनस यानी स्वदेशी मुसलमानों के सामाजिक-आर्थिक सर्वे को लेकर हो रही चर्चा ने उन्हें चिंता में डाल दिया है. वो कहते हैं, असल में सरकार हमारे साथ क्या करना चाहती है, यह समझ नहीं आ रहा है. पहले एनआरसी में नाम शामिल करने के लिए इतनी भाग-दौड़ करनी पड़ी. अब फिर से स्वदेशी के नाम पर पता नहीं मुसलमानों से कौन सा काग़ज़ मांग लें. हमें डर इस बात का नहीं है कि काग़ज़ातों की जांच होगी लेकिन हर बार जिस कदर परेशान होना पड़ता है उससे डर लगता है. एनआरसी के समय काम-धंधा छोड़कर गांव से 80 किलोमीटर दूर जाकर काग़ज़ातों की जांच करवानी पड़ी थी.

हमारा जीवन अब इन काग़ज़ों पर ही टिका है. यहां के लोग बाढ़ के समय अपनी जान बचाने से ज़्यादा काग़ज़ातों को बचाकर रखने की कोशिश करते है. दरअसल असम सरकार के कैबिनेट ने हाल ही में राज्य की स्वदेशी मुस्लिम आबादी के सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण को मंज़ूरी दी है. राज्य की सत्तारूढ़ बीजेपी सरकार ने डेढ़ साल पहले पांच समुदायों को स्वदेशी असमिया मुसलमानों के रूप में मान्यता दी थी. छोड़कर पॉडकास्ट आगे बढ़ें दिनभर दिनभर- पूरा दिन,पूरी ख़बर वो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख़बरें जो दिनभर सुर्खियां बनीं. दिनभर: पूरा दिन, पूरी ख़बर समाप्त असम सरकार ने जिन पांच मुस्लिम समुदाय को स्वदेशी मुसलमान माना है, वे राज्य में गोरिया, मोरिया, जोलाह, देसी और सैयद समुदाय के तौर पर जाने जाते है. इनमें गोरिया, मोरिया, जोलाह चाय बागानों के आस-पास बसे हैं, जबकि देसी मुसलमान निचले असम में रहते हैं. वहीं सैयद को असमिया मुसलमान माना जाता है. ऐसा दावा किया जाता है कि इन पांच समुदाय का तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) से प्रवास का कोई इतिहास नहीं है.



लेकिन सरकार के इस सर्वे की बात सामने आने के बाद ख़ासकर बंगाली मूल के मुसलमानों में फिर से डर और चिंता का माहौल है. गुवाहाटी से क़रीब 62 किलोमीटर दूर धेपारगांव में मुसलमानों के करीब 500 परिवार बसे हैं, जिनमें ज़्यादातर बंगाली मूल के मुसलमान हैं. पुथीमारी नदी से आने वाली बाढ़ ने यहां के लोगों के आशियाने कई बार उजाड़े हैं. इस गांव तक पहुंचने के लिए करीब दो किलोमीटर धूल-मिट्टी वाली जिस कच्ची सड़क से गुज़रना पड़ता है, वो इनके रोज़मर्रा के संघर्ष की गवाह है. असम में बंगाली मूल के मुसलमानों को बोलचाल की भाषा में मियां कहकर संबोधित किया जाता है. असम में मियां मुसलमान का मतलब पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) से आए हुए मुसलमानों से है. पहले कुछ लोग इन्हें चरुवा कहकर बुलाते थे तो कुछ लोग पोमपोमवा कहते थे. फिर इनके लिए मियां शब्द का इस्तेमाल होने लगा. राजनीतिक आरोपों में इन्हें आज भी बांग्लादेशी कहा जाता है. यह वही मियां मुसलमान हैं जिसके बारे में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा कहते रहे हैं कि उनको मियां लोगों के वोट की ज़रूरत नहीं है. धेपारगांव के रहने वाले 65 साल के आवेद अली भी इस सर्वे से थोड़ा चिंतित हैं. वो कहते हैं, मुसलमानों के सर्वे का मक़सद तो नहीं पता लेकिन यह सबकुछ हमें मुसीबत में डालने के लिए किया जा रहा है. हमारा अल्लाह एक है तो इस तरह हमें बांटने का क्या मतलब हुआ? सरकार की क्या मंशा है जब कुछ पता ही ना हो तो चिंता होनी वाजिब है. मियां समुदाय से ताल्लुक रखने वाले मुजीबुर रहमान खुद को स्वदेशी मुसलमान में नहीं गिने जाने से बेहद नाराज़ हैं. 52 साल के मुजीबुर कहते है, हम असम के मुसलमान हैं और हमारी मातृ भाषा असमिया है. फिर भी हमें स्वदेशी मुसलमानों में नहीं गिना जाता. मियां मुसलमानों को परेशान करने के लिए राजनीति हो रही है. सरकार ने एनआरसी बनाई उसे भी लागू नहीं किया. अब सर्वे के नाम पर हमें सताने की तैयारी हो रही है. 51 साल की इलसिनी बेगम गौरिया समुदाय से हैं लेकिन उनकी शादी मियां मुसलमान से हुई है. अपने सात बच्चों के साथ धेपारगांव में रहने वाली इलसिनी कहती हैं, सरकार को जो सर्वे करना है करे. मुझे इससे कोई लेना-देना नहीं. हम जिस हाल में हैं, उसी में अच्छे हैं. मेरे पति मधुमेह से पीड़ित हैं. हम अब किसी भी सरकारी उलझनों में पड़ना नहीं चाहते. असम में बंगाली मूल के मुसलमान असम सरकार ने इन पांच उप-समूहों को स्वदेशी के रूप में पहचानने के लिए पहले छह उप-समितियों का गठन किया था. इन उप-समितियों के सिफारिशों के आधार पर समुदाय को वर्गीकृत किया गया है. सरकार ने अल्पसंख्यक मामले और चर क्षेत्र निदेशालय को स्वदेशी मुसलमानों का सामाजिक-आर्थिक मूल्यांकन करने की ज़िम्मेवारी सौंपी है. इस सर्वे को लेकर पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए अल्पसंख्यक मामले और चर क्षेत्र निदेशालय के निदेशक सैयद ताहिदुर रहमान ने बीबीसी से कहा, हमने सर्वे को लेकर सरकार को एक एसओपी अर्थात मानक संचालन प्रक्रिया बनाकर भेजी है. सरकार जैसे ही इस एसओपी को मंज़ूरी देगी, हमारी टीम सर्वे के लिए जनगणना का काम शुरू कर देगी. पहले हम किसी एक या दो ज़िले में इसकी शुरुआत करेंगे. रहमान कहते हैं, ये सरकार तय करेगी कि सर्वे में बंगाली मूल के मुसलमानों से बात की जाएगी या नहीं. अभी केवल स्वदेशी मुसलमानों को चिन्हित करने के लिए घर-घर जाकर सर्वे करने के कुछ तौर-तरीके तैयार किए गए है. दरअसल मियां मुसलमानों के सर्वे की बात का ज़िक्र इसलिए आ रहा है क्योंकि स्वदेशी मुसलमानों में जैसे गौरिया, देसी समुदाय की महिलाओं की शादी मियां मुसलमानों के साथ हुई है. अगर इन लोगों की पहचान करनी होगी तो मियां मुसलमानों के यहां भी सर्वेक्षण करना होगा.

असम में बंगाली मूल के मुसलमान असम सरकार ने इन पांच उप-समूहों को स्वदेशी के रूप में पहचानने के लिए पहले छह उप-समितियों का गठन किया था. इन उप-समितियों के सिफारिशों के आधार पर समुदाय को वर्गीकृत किया गया है.ह्य सरकार ने अल्पसंख्यक मामले और चर क्षेत्र निदेशालय को स्वदेशी मुसलमानों का सामाजिक-आर्थिक मूल्यांकन करने की ज़िम्मेवारी सौंपी है. इस सर्वे को लेकर पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए अल्पसंख्यक मामले और चर क्षेत्र निदेशालय के निदेशक सैयद ताहिदुर रहमान ने बीबीसी से कहा, हमने सर्वे को लेकर सरकार को एक एसओपी अर्थात मानक संचालन प्रक्रिया बनाकर भेजी है.

सरकार जैसे ही इस एसओपी को मंज़ूरी देगी, हमारी टीम सर्वे के लिए जनगणना का काम शुरू कर देगी. पहले हम किसी एक या दो ज़िले में इसकी शुरुआत करेंगे.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 71: राम और लक्ष्मण रंगभूमि के क्षेत्र में

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



देवी सीता कुछ नागरिकों से घिरी हैं। अनेक नागरिक तो केवल निकट से दर्शनों के लिए उनके पास आए हैं। इनमें से कुछ नागरिक महाराज जनक के कल्याणकारी शासन के लिए देवी सीता को धन्यवाद कर रहे हैं। एक दो नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर सीता जी को जानकारी दे रहे हैं। सीता जी अपने साथ चल रहे राज कर्मचारी को कुछ निर्देश भी दे रही हैं। थोड़ी ही देर में वे रथ पर सवार होकर पुनः आगे बढ़ गईं।

संध्या होने को आई है। राम और लक्ष्मण जनकपुरी के पूर्व दिशा की ओर गए, जहां धनुष यज्ञ के लिए रंगभूमि बनाई गई है।वहां एक यज्ञ मंडप दिखाई दे रहा है, जो धरती से एक हस्त या 12 अंगुल की ऊंचाई पर है।यज्ञ मंडप में यज्ञ के हवन कुंड के लिए सुंदर वेदी बनाई गई है। एक हवन कुंड लगभग 6 हस्त का दिखाई दे रहा है। यज्ञ मंडप के चार द्वार हैं। यज्ञ मंडप के सोलह स्तंभों में ब्रह्मा जी, विष्णु जी, रुद्र देव, इंद्र, सूर्य, गणेश जी, यम, नागराज, स्कंद, वायु, सोम, वरुण, अष्टवसु, धनद, बृहस्पति और विश्वकर्मा विराजमान होते हैं। तोरण, ध्वज और पताकाएं यथास्थान हैं।

''भैया, यज्ञ मंडप के पास बने हुए इस स्थल को देखिए। ऐसा लगता है कि यहां निकट भविष्य में कोई बड़ा आयोजन होने जा रहा है। चारों ओर बड़े-बड़े मंच बने हुए हैं, जो विशिष्ट अतिथियों के बैठने का आसान होंगे। यह सबसे ऊंचा बना हुआ मंच संभवतः राजा जनक के बैठने का स्थल होगा।'' लक्ष्मण ने उत्सुकतापूर्वक कहा।

''तुमने ठीक समझा है लक्ष्मण! महाराज जनक ने इस आयोजन को सार्वजनिक रूप दिया है। इसमें सामान्य प्रजाजन के बैठने के लिए भी प्रवेश द्वार के दोनों ओर पर्याप्त जगह है। साथ ही महाराज जनक के बैठने की जगह के पीछे ऊंचे स्थान पर अनेक आसान बने हुए हैं, जो संभवतः राज परिवार की नारियों के लिए होंगे। और वहां महाराज जनक के संभावित आसन के सामने एक बड़ी खुली जगह है। इतनी खाली जगह क्यों छोड़ी गई होगी?'' श्री राम ने अपने विचार रखे।

श्री राम मन ही मन सोचने लगे, हम भगवान शिव का पिनाक धनुष देखने के लिए जनकपुरी आए हैं। हमें यहां आकर रंगशाला देखने का अवसर मिल रहा है। यह भी ज्ञात हुआ है कि यहां धनुष यज्ञ होगा। आखिर इन सब का रहस्य क्या है? क्या हमें गुरु यहां आने की आज्ञा देंगे? संभव है यहां आने पर कुमारी सीता के पुनः दर्शन हो जाएं। राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। उनके मन में देवी सीता के प्रति सम्मान भावना है लेकिन उनके प्रथम दर्शन के बाद उनके मन में किसी साधारण मनुष्य की तरह विचलन नहीं है। विचलन के ऐसे कोई विचार भी उनके मन में नहीं आ पाते हैं। यही विशेषता श्रीराम को सबसे अलग बनाती है।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में रामकथा का एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से, मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -339

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | | ■ | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | ■ | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | 12 | ■ | 13 | | | |
| 14 | | ■ | 15 | | | | ■ | ■ |
| ■ | 16 | | | ■ | ■ | ■ | 17 | 18 |
| 19 | ■ | ■ | 20 | 21 | 22 | ■ | 23 | |
| | ■ | 24 | ■ | 25 | | 26 | | ■ |
| 27 | | | | | ■ | 28 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 338 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | ■ | फा | य | दा | ■ | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | य | ती | म |
| ति | ल | क | ■ | क | न | क | ■ | झ |
| ■ | क्ष | ■ | ■ | ■ | रे | ■ | ■ | ■ |
| ग | ण | क | ■ | सं | श | य | ■ | सी |
| ह | ■ | या | च | क | ■ | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | ■ | र | क्ष | क | ■ | न |
| ■ | त्रि | ■ | ■ | ■ | मि | ■ | ■ | ■ |
| शा | य | री | ■ | का | त | र | ■ | गो |

## सू- दोकू क्र.339

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.338 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

## कविता

# //बसंत आगमन//

**या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता।**
**नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।**

देवी आराधना सांसारिक जीवन की नितांत आवश्यकता है। देवी, शक्ति व भक्ति का जीवंत स्वरूप है, जो मानवकल्याण के लिए अन्य संसाधनों से सर्वोपरि है। अतः संसार में देवी की पूजा-अर्चना, जीवन के सुख प्राप्ति व दुख निवारण के लिए आवश्यक माना गया है। हिंदी पंचांग के अनुसार हर माह किसी न किसी देव अथवा देवी के पूजन की तिथि निहित होती है, इन्हीं में से माघ महीने में बसंत ऋतु के आगमन होते ही बुद्धि, ज्ञान व संगीत की देवी माँ वागेश्वरी की आराधना संसार के समस्त जीव अपनी-अपनी भक्ति अनुसार करते हैं। इससे आध्यात्मिकता पर विश्वास बढ़ता है और वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, सुख-समृद्धि चिरस्थाई बनी रहती है।

माघ महीने में बसंत पंचमी का दिन देवांगन समाज की कुल देवी माँ परमेश्वरी की जयंती के रूप में भी मनाया जाता है।

''ग्राम देवी/देवता'' - हर ग्राम में कोई न कोई ग्रामदेवता रहते हैं और हर समाज में एक कुल देवता या कुल देवी जिसे ईष्ट देव/देवी भी कहा जाता है, आराध्य होते हैं। जैसे - ठाकुर देव, साँहड़ादेव, भँइस्सासुर, बहीदेवी, बघधर्रा, बूढ़ादेव इत्यादि। ऐसे ही माँ परमेश्वरी देवांगन समाज की ईष्ट देवी हैं। कई पीढ़ी से हमारे पूर्वज माँ परमेश्वरी देवी की पूजा करते आ रहे हैं, इनसे ही देवांगन समाज की उत्पत्ति हुई थी, तब से लेकर आज तक प्रत्येक बसंत पंचमी को परमेश्वरी जयंती मनाई जाती है। ऐसा कहा जाता है कि माता परमेश्वरी मान्यता प्राप्त सिद्धपीठों में से एक है।

''उत्सव कैसे मनाते हैं'' - बसंत ऋतु हर ऋतुओं का राजा कहलाता है, न ठिठुरती ठंड और न प्रचंड गर्मी। मद्धम-मद्धम पुरवाई चलती है। आम के वृक्षों में बौर भी आ जाते हैं। इन्हीं दिनों देवांगन समाज में सारे समाजसेवी, माँ परमेश्वरी जयंती का भव्य आयोजन करते हैं। महीनों पहले ही तैयारियाँ प्रारंभ हो जाती हैं। कहीं-कहीं अपनी शक्तिनुसार तीन दिवसीय या पांच दिवसीय परमेश्वरी पुराण का आयोजन किया जाता है। नन्हीं-नन्हीं बालिका देवी की रूप धर सजती-सँवरती हैं। और उत्सव को आकर्षक बनाती हैं, श्रद्धालु अपनी इच्छानुसार दान करते हैं। पुराण के अंतिम दिवस विशेष यज्ञ करते हैं तत्पश्चात महिलाओं व बच्चों द्वारा कलश यात्रा भी निकाली जाती है। कलश यात्रा में ज्यादातर पीले रंग के वस्त्रों का महत्व रहता है। पीला वस्त्र शुभ माना जाता है व विज्ञान के अनुसार पीला रंग शांति का प्रतीक है, जो माँ परमेश्वरी को अत्यंत प्रिय है। सभी नारी वर्ग, ग्राम के निकट ताल से जल लेकर अपने-अपने कलश में भरते हैं व पुराण के अंतिम दिन सभी कलश विसर्जन के लिए पोखर में जाते हैं। माँ परमेश्वरी का अनुपम सौंदर्य देखते ही बनता है। प्रतिमा के साथ-साथ गांव के कोने-कोने तक गाना-बजाना करते हुए लोग धूमधाम से कलश यात्रा की शोभा बढ़ाते हैं। कलश व प्रतिमा को आरती के बाद पोखर में विसर्जित कर दिया जाता है, तत्पश्चात प्रसाद वितरण के बाद पंडाल या भवन में बच्चों द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जाता है। नन्हे-नन्हे बच्चे नृत्य करते हुए अति सुंदर लगते हैं और सब का मन मोह लेते हैं।दर्शक उनका उत्साहवर्धन भी करते हैं।

अपने समाज में किसी प्रतिभावान बच्चे को उसके प्रतिभा का सम्मान मिलना गर्व की बात है। उन्हें समाज के द्वारा राशि/सम्मान भी भेंट किया जाता है। ''माघ महीने में बसंत ऋतु का महत्व'' - इस ऋतु के आते ही धरती की उर्वरा शक्ति बढ़ जाती है, यानि उत्पादन क्षमता अन्य ऋतुओं की अपेक्षा अधिक होती है। शायद इसलिए श्री कृष्ण ने गीता में कहा है ''ऋतुओं में हम वसंत हैं''।

'प्राकृतिक कारण' - बसंत ऋतु को राजा कहने के अनेक कारण हैं, फसल तैयार होना, नये-नये पुष्पों का खिलना, चहुँओर हरियाली आना, हिंदू धर्म में अनेक मांगलिक कार्य होना, आम्र-बौर, शीतल सुरभित पुरवाई का बहना, सुहानी शाम, मन को मदमस्त करने वाली ऋतु; समस्त जीव प्राणी के अंदर एक नया उत्साह पैदा करती है। फूलों में भौंरे मंडराते हैं व तितलियां पुष्प रस का स्वाद लेती हैं, आम के बौर की भीनी खुशबू मन मोह लेती है। होली के रंग बिखरने लगते हैं। कवियों की लेखनी गतिशील होकर तरह-तरह के प्रणय गीत लिखती हैं, इसी कारण बसंत को ऋतुओं का राजा कहा जाता है। 'आध्यात्मिक कारण' - कहा जाता है कि ब्रम्हा जी की शक्ति से माँ वीणापाणि प्रकट हुई। ब्रम्हा और देवी सरस्वती ने सारे सृष्टि का सृजन किया। माँ सरस्वती की वीणा की झंकार व सुमधुर संगीत से धरती में अनेक नई कोपलें विकसित होने लगीं। जीवों को जीवनदान मिल गया। आध्यात्मिकता के अनेक कारण है, भागवत गीता, कालिका पुराण में भी बसंत ऋतु का वर्णन किया गया है। इस प्रकार से माघ का महीना हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण व आनंददायक है। संसार के समस्त प्राणियों के जीवन में इस ऋतु का विशेष महत्व है, हर्षोल्लास लिए, सूर्य सा तेज; प्राणियों के जीवन में कुछ नया कार्य करने का अलग ही उत्साह नजर आता है। कार्य में सफलता प्राप्त होती है।

''रोम-रोम हर्षित करे, फैलाए अनुराग।''
''ऋतु वसंत से सज धरा, पुष्पित होते बाग।।''



**प्रिया देवांगन ''प्रियू''**

## राशिफल



**मेष**

आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज आप पिता का कोई जरूरी काम पूरा करने में सफल होंगे, पिता को आप पर गर्व होगा। छात्रों के लिए दिन सामान्य रहेगा। आप किसी नए कोर्स के बारे में सोच-विचार कर सकते हैं। बड़े भाई-बहनों से आपको पूरा सहयोग मिलेगा।



**वृषभ**

वृष राशि-आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज आपके ऊपर नई जिम्मेदारियां आ सकती हैं। घर वालों के सहयोग से आप हर काम को अच्छे से संभाल लेंगे। आप घर में किसी कार्यक्रम की तैयार करवा सकते हैं। अपने बच्चों के करियर के लिए सलाह ले सकता है, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे।



**मिथुन**

आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आप किसी धार्मिक कार्य में रुचि लेंगे। ऑफिस का कोई व्यक्ति आपके घर पर आ सकता है, उनके साथ आप कुछ अच्छी बातें शेयर कर सकते हैं। बच्चे किसी काम में आपकी मदद ले सकते हैं, आप बच्चों का पूरा सहयोग करेंगे।



**कर्क**

आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहेगा। आपको अपनी कार्य कुशलता में बढ़ोतरी करने की जरूरत है। आज आप शॉपिंग के लिए जा सकते हैं। आपको अपनी आमदनी को ध्यान में रखकर खर्चा करना चाहिए। करियर को लेकर आज आप कुछ प्लान बना सकते हैं। आपको ज्यादा भागदौड़ करनी पड़ेगी।



**सिंह**

आज का दिन आपके लिए समान्य रहेगा। आज बच्चों के किसी काम में आपके पैसे खर्च हो सकते हैं। काम के मामले में आपको अनुभवी लोगों से संपर्क बढ़ाने की जरूरत है। आपको पूरी मेहनत के साथ आगे बढ़ना चाहिए, इससे आपको काम में सफलता मिलेगी। आज आपको बचना चाहिए।



**कन्या**

कन्या राशि-आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। अगर आप किसी से अपने दिल की बात कहना चाहते हैं, तो आज का दिन आपके लिए बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आप अपने काम में सफल जरूर होंगे। जो लोग शादी-शुदा हैं, वो आज कहीं घूमने जा सकते हैं, आपका समय बहुत अच्छा बीतेगा।



**तुला**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज के दिन आपको काम में बड़ी ही सतर्कता बरतनी होगी। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस से जुड़ी हैं उनके लिए आज ज्यादा लाभ के योग बन रहे हैं। अगर आप किसी से जरूरी मीटिंग के लिए जा रहे हैं, तो आपको अपने पहनावे पर ध्यान देने की जरूरत है।



**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज जीवनसाथी से बिजनेस की कोई बात शेयर करने से काम को लेकर आपको कोई अच्छी सलाह मिलेगी। केटरिंग का काम कर रहे लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। बच्चे आज किसी स्पोर्ट्स एक्टिविटी में भाग ले सकते हैं।




**धनु**

आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहेगा। आज आप कोई नया बिजनेस शुरू करने के बारे में सोच सकते हैं। आपको घर के बड़ों से पूरा सपोर्ट मिलेगा, आर्थिक रूप से पिता आपकी मदद करेंगे। परिवार में लोगों के बीच अच्छा ताल-मेल बना रहेगा। शाम को आप परिवार के साथ किसी फंक्शन में जा सकते हैं।




**मकर**

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज सरकारी संस्थान से जुड़े लोगों का दिन अच्छा रहेगा, जबकि प्राइवेट काम करने वाले लोगों का दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको ऑफिस में एक्स्ट्रा काम करना पड़ सकता है। स्टूडेंट्स के लिए दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपके लिए फायदेमंद होगा।



**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। जीवनसाथी के साथ आप किसी ट्रिप की प्लानिंग कर सकते हैं। आप उन्हें कोई गिफ्ट दे सकते हैं, आपके दिन में ताजगी बनी रहेगी। आप कुछ अच्छे काम में अपना सहयोग दे सकते हैं, इससे समाज में आपका नाम होगा। आपको अपॉइन्ट किया जा सकता है।



**मीन**

आज का दिन आपके लिए बढ़िया है। आज किसी प्रॉपर्टी डीलर से आपकी मुलाकात हो सकती है। आप किसी प्रॉपर्टी में निवेश करने के बारे में सोच सकते हैं। दोस्त की मदद से आपको किसी अच्छी कंपनी में नौकरी मिलने के योग हैं। आप लवमेट के साथ मूवी देखने का प्लान करेंगे।

# मोहला मड़ई मेला विवादों से घिरा, फर्जी हस्ताक्षर कर दी अनुमति, थाने में शिकायत की तैयारी

**अम्बागढ़ चौकी (दावा)। मोहला ग्राम पंचायत में बाजार व्यापारियों से निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क लेने का मामला सामने आने के बाद अब मोहला ग्राम पंचायत में नया मोड़ आ गया है जानकारी मिली है कि मोहला मड़ई मेला में मीना बाजार लगाने के लिए अनुमति दिए गए पत्र में सरपंच का फर्जी हस्ताक्षर व सील लगाए जाने का खुलासा हो रहा है जबकि मीडिया से बात करने पर सरपंच सरस्वती ठाकुर ने बताया कि उनके द्वारा मीना बाजार लगाने के लिए किसी प्रकार की कोई अनुमति नही दी गई।**


कार्यालय ग्राम पंचायत मोहला

-: अनापत्ति प्रमाण पत्र :-

लेटर पेड में जो सील और हस्ताक्षर किए गए है उसे साफ-साफ फर्जी बताया गया है अब सवाल यह उठ रहा है की सरपंच के बिना जानकारी के आखरी मीना बाजार संचालक को किसे फर्जी तरीके से अनुमति प्रमाण पत्र दे दिया गया, जबकि ग्राम पंचायत के लिखा पढ़ी का जिम्मा संभालने वाले सचिव को इन सभी फर्जीवाड़ा होने की जानकारी थी या नही क्योंकि जब अनुमति पत्र दिया गया होगा तो ग्राम पंचायत के आवक-जावक रजिस्टर में चढ़ाया गया की नहीं और नही चढ़ाया गया तो किसने चोरी छुपे या बिना सरपंच के जानकारी के मीना बाजार चलाने की अनुमति दे दी गई, वह भी फर्जी तरीके से पत्र जारी किया गया।

वहीं व्यापारियों से दोगुने चौगुने दामो की बाजार शुल्क वसूली करने के साथ-साथ ग्राम पंचायत का जिम्मा लिए बैठे कुछ लोगों के द्वारा मीना बाजार संचालक से लाखों रुपयों की रकम लिए जाने की भी बात सामने आई है जिससे यहां बात साफ हो रही है कि जिसने फर्जी तरीके से अनुमति दी है शायद उसके द्वारा ही सरपंच का सील और हस्ताक्षर कर लाखों रुपये रकम के लालच में फर्जीवाड़ा को अंजाम दिया है बता दे कि सरपंच के ऊपर गलत आरोप लगाए जा रहे जिसके लिए सरपंच के द्वारा मोहला थाने मे शिकायत दर्ज करने की बात कही है जिस पर अधिकारियों की निष्पक्ष जांच के बाद ही आरोपियों का खुलासा होगा, आखिर किसने इतने बडे फर्जीवाडे को अंजाम दिया है।

### क्या कहा सरपंच ने

ग्राम पंचायत मोहला की सरपंच श्रीमती सरस्वती ठाकुर ने कहा कि मेरे द्वारा मोहला में मीना बाजार लगाने की अनुमति नहीं दी गई, इसे जिसने भी दिया है, वह फर्जी है। इसको लेकर थाने में मेरे द्वारा शिकायत की जाएगी।

मोहला पंचायत के सचिव अर्जुन कलिहारे ने कहा कि मुझे फर्जी अनुमति पत्र की जानकारी नहीं और बाजार ठेकेदार के द्वारा अगर नियम विरुद्ध अधिक राशि ली गई है, तो व्यापारी लिखित शिकायत करे ठेका निरस्त कर दिया जाएगा।

# राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का ट्रांसफर, अखिलेश बने जिला पंचायत बिलासपुर के सीईओ

रायपुर। छत्तीसगढ़ में लगातार अधिकारियों और कर्मचारियों का ट्रांसफर और पोस्टिंग किया जा रहा है। इसी क्रम में राज्य शासन ने राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का ट्रांसफर किया है। कुल 8 अधिकारियों का तबादला किया गया है।

विभाग की ओर से जारी लिस्ट के मुताबिक, तनुजा सलाम को खेल एवं युवा कल्याण विभाग का संचालक बनाया गया है। आरती वासनिक को संभागीय आयुक्त कार्यालय बस्तर का उपयुक्त बनाया गया है। गजेंद्र सिंह ठाकुर को अपर कलेक्टर सुकमा नियुक्त किया गया है। वीरेंद्र बहादुर पांचभाई को अपर कलेक्टर नारायणपुर भेजा गया है।

अखिलेश साहू को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बिलासपुर बनाया गया है। रवि कुमार साहू को अपर कलेक्टर महासमुंद नियुक्त किए गए हैं। प्रवीण सिंह उपयुक्त संभागीय आयुक्त कार्यालय सरगुजा और उमेश कुमार पटेल को जशपुर का संयुक्त कलेक्ट नियुक्त किया गया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव क्लेमेंटोना लकड़ा ने आदेश जारी कर दिए हैं।

## आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आईआईटी भिलाई के स्थायी परिसर का करेंगे वर्चुअल शुभारंभ, सीएम साय भी रहेंगे

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आइआइटी भिलाई के स्थायी परिसर का वर्चुअल शुभारंभ मंगलवार सुबह 10 बजे शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और केंद्रीय मंत्री शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय धर्मेंद्र प्रधान भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे।

साथ ही प्रधानमंत्री कवर्धा तथा कुरुद में केंद्रीय विद्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण भी करेंगे। उल्लेखनीय है कि आईआईटी के निर्माण की आधारशिला प्रधानमंत्री ने 14 जून 2018 को रखी थी। इसके निर्माण का कार्य आठ जुलाई 2020 से शुरू हुआ था। आईआईटी का परिसर 400 एकड़ में फैला है। भिलाई आइआइटी में निर्माण कार्य में बहुत सी इमारतों के नाम प्रदेश के प्रमुख नदियों और पर्वतों के नाम पर रखे गए हैं।

# विधवा बहु को बिदाकर साहू समाज ने मिसाल पेश की

हरदी (दावा)। ग्राम खामतराई(पिनकापार) निवासी डोमनलाल साहू के सुपुत्र का विवाह कोटरासरार जंगलपुर निवासी पुनम कुमार साहू की सुपुत्री किरण साहू के साथ सामाजिक रीति रिवाज से दिनांक 29/4/2017 को हुआ था। दोनों का वैवाहिक जीवन सुखमय रहा एवं एक लड़का भी है जो लगभग एक साल का है। अपने पति के मृत्यु के पश्चात किरण ससुराल एवं मायके में दोनो जगह रहती थी। ससुर डोमनलाल साहू उनके भविष्य को लेकर चितिंत था। क्योंकि किरण महज दो साल ही ससुराल में थी। डोमनलाल साहू ने बहु और बेटी में कोई फर्क नहीं समझा बेटे के मृत्यु के पश्चात बहु को बेटी के समान रखा और रिश्ता आने पर दोनों समधी मिलकर शादी का प्रस्ताव भी रखा। ताकि किरण का घर कहीं और बस जाए। डोमनलाल साहू ने अपने विधवा बहु को मुंदेरा गुंडरदेही में रिश्ता तय कर दी। दिनांक 19 फरवरी को सामाजिक रीति रिवाज से अपने घर से बिदा किया, जो सामाज के लिए बहुत बड़ी सीख है। डोमनलाल साहू ने साहू सामाज में एक मिसाल पेश किया है हर वर्ग के लोग डोमनलाल साहू का सराहना कर रहे हैं।



# कबाड़ी दुकान में गंडई पुलिस ने दबिश देकर 27 हजार रू. के संदिग्ध माल को किया जप्त

गंडई पंडरिया (दावा)। गंडई पुलिस द्वारा अपराधिक गतिविधियों एवं सभी किस्म के अवैध कारोबार पर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम में रविवार को कबाडी दुकानदार मुराद अली द्वारा भुरभुसी रोड गंडई स्थित अपने कबाड़ दुकान(गोदाम) में सामानों के बीच में चोरी का समान छिपा कर रखता है एवं दो पहिया एवं चार पहिया वाहनो की कटींग करता है, कि सूचना मिलने पर तस्दीक हेतु थाने से टीम तैयार कर गवाहों के साथ मुराद अली के भुरभुसी रोड स्थित कबाड़ दुकान में जाकर रेड कार्यवाही किया गया, जहां कबाड समानों के बीच में कार एवं मो.सा. के कटे हुये पाट्र्स, छड़ सरिया सायकिल इत्यादि लोहे के सामान संदिग्ध रूप से मिलने पर बरामदगी पंचनामा तैयार कर कबाडी दुकान संचालक मुराद अली को बरामद समान का वैद्य दस्तावेज पेश करने हेतु नोटिस दिया गया। कबाड गोदाम के संचालक द्वारा कोई दस्तावेज नही होना लिखित में देने पर उक्त बरामद समान को चोरी की संपत्ति होने के अंदेशा पर विधिवत् कार्यवाही कर लगभग 27155 रू. के माल को जप्त कर लिया गया। आरोपी मुराद अली का कृत्य धारा 41(1.4) जा.फौ./379 भादवि के अपराध का पाये जाने से मामले में इस्तगासा क्र. 01/2024 धारा 41(1.4) जा.फौ./379 भादवि कायम कर आरोपी मुराद अली पिता पीर अली उम्र 32 साल निवासी वार्ड नं. 07 केवंट पारा गंडई को हिरासत में लेकर मय जप्त शुदा माल के थाना लाकर विधि अनुसार कार्यवाही किया गया एवं आरोपी को धारा 41(1) बी(पप) का नोटिस देकर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया। थाना प्रभारी भीमसेन यादव ने बताया कि प्रकरण में विवेचना जारी है। श्री यादव ने कहा कि थाना गंडई पुलिस द्वारा इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।



# परमात्मा प्रेम से ही प्रकट होते हैं संत राम ज्ञानी दास महात्यागी

## ब्रम्हचारी धाम मे बह रही श्रद्धा भक्ति की बयार



**खुज्जी (दावा)। डोगरगांव विकासखण्ड के ग्राम दर्री शिवनाथ नदी तट स्थित ब्रम्हचारी आश्रम में संत त्रिलोचन ब्रम्हचारी के सानिध्य में चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ, अखण्ड राम नाम संकीर्तन तथा राम कथा सुनने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है।**

हजारों की संख्या में पहुंचकर श्रद्धालु मन्दिरों के दर्शन, यज्ञ परिक्रमा कर भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर राम कथा का रसपान कर रहे हैं, चल रहे राम कथा में कथा वक्ता तिरखेड़ी आश्रम के संत राम ज्ञानी दास महात्यागी ने रामजन्म की कथा के अलावा अहिल्या उद्धार, धनुष यज्ञ की कथा का सविस्तार वर्णन कर श्रद्धालु श्रोताओं को भक्ति विभोर कर दिया वही खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय से पहुंचे संगीत पक्ष के छात्रों की भजनों की प्रस्तुति ने श्रोताओं को भावविभोर किया। कथा के व्यास पीठ से संत महात्यागी ने बताया कि, राम मिले न मिले लेकिन राम जैसा त्याग, तपस्या समर्पण रूपी आदर्शों को आत्मसात कर मर्यादित हो जाये, तो समझो हमारे जीवन मे राम आ गए, संत श्री ने कहा कि परमात्मा को प्रेम से ही पाया जा सकता है, क्योंकि परमात्मा प्रेम से ही प्रकट होते हैं। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को संस्कारित करने का प्रयास करें। स्कूली शिक्षा के अलावा धर्म अध्यात्म की राह पर चलना सिखाएं।

# माता कलारिन जयंती धूमधाम से मनी

डोंगरगढ़ (दावा)। कुलदेवी माता बहादुर कलारिन की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। भवन हेतु भूमिपूजन किया गया। शोभायात्रा के बाद सर्वप्रथम कुलदेवी माता बहादुर कलारिन की फोटो में माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित मनोज सिन्हा मंडलेश्वर द्वारा अपने उद्बोधन में कलार समाज को एकजुट होकर काम करने सभी गांव में एक नई रूप रेखा तैयार कर आगे बढ़ने की बात कही गई। वरिष्ठ जनपद सदस्य व बेलगांव के पूर्व उप सरपंच रवि अग्रवाल ने कलार समाज को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन देते हुए कहा कि, समाज बच्चों की शिक्षा और नशा मुक्त समाज का प्रयास जारी रखें। प्रशासनिक स्तर पर समाज को यथासंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उक्त आयोजन में प्रमुख रूप से सुरेश सिन्हा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष, हेमराज सिन्हा कलार समाज सचिव सहित बेलगांव कलार समाज के माता बहन भाई समस्त लोग और ग्रामीण जन उपस्थित रहें।



# बेलगांव बाजार चौक में मंदिर के निर्माण के बाद अवैध कब्जा को हटाने उग्र हो रहे हैं ग्रामीण

डोंगरगढ़(दावा)। ग्राम पंचायत बेलगांव में निवासरत कलार समाज को सामाजिक भवन निर्माण हेतु ग्राम पंचायत द्वारा उचित स्थान पर भूमि उपलब्ध नहीं कराए जाने से नाराज सामाजिकगणों ने पुराने पशु औषधालय भवन की रिक्त भूमि पर अतिक्रमण कर श्री राम, हनुमान व बहादुर कलारीन माता की मूर्ति की स्थापना कर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न कर लिया।

अवैध अतिक्रमण कर बनाए गए मंदिर का विरोध सरपंच छबील साहू के नेतृत्व में ग्रामीणजन कर रहे हैं। मंदिर निर्माण व स्थापित मूर्ति का विधिवत प्राण प्रतिष्ठा के बाद अतिक्रमण को लेकर हो रहे विवाद पर प्रशासन पैसोंपेश में आ गया है। कलार समाज सामाजिक बाहुल्य वाले क्षेत्र में अपने आराध्य देवी-देवता की मूर्ति की स्थापना कर दिन रात पूजा पाठ में लगे हुए हैं। ताकि प्रशासन की ओर से अवैध अतिक्रमण को लेकर किए जाने वाले संभावित कार्रवाई का भरपूर विरोध किया जा सकें।

**0 सरपंच के व्यक्तिगत निर्णय का विरोध कर रहा है कलार समाज**

कलार समाज के अध्यक्ष अशोक सिन्हा का कहना है कि समाज की ओर से 12 फरवरी को ग्राम सभा में समाज के लिए भूमि आवंटन हेतु आवेदन दिया गया। सरपंच द्वारा व्यक्तिगत निर्णय लेते हुए विवादित भूमि व अनुपयोगी भूमि पर अपनी सहमति जताई गई। किंतु सामाजिक बहुलता वाले क्षेत्र में स्थित बिना विवाद की भूमि पर सहमति नहीं दी गई। सरपंच द्वारा व्यक्तिगत निर्णय लेने से पंचायत अथवा ग्राम सभा में निर्णय नहीं लिया जा सका। जो विवाद की स्थिति का प्रमुख कारण है।

ग्राम सभा में दिए गए आवेदन में कलार समाज की ओर से कहा गया है कि, कलार समाज भवन निर्माण हेतु ग्राम पंचायत की सहमति से भूमि की मांग कर रहा है। सरपंच को संबोधित पत्र में सामाजिक गणों ने कहा है कि, कलार समाज का सामजिक भवन अभी तक नहीं बना है। जिससे सामाजिक कार्यक्रम हेतु सामाजिकगणों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। भवन की बहुत अधिक आवश्कता है, सामाजिक बाहुल्यता वाले क्षेत्र में स्थित पुराने पशु औषधालय भवन की रिक्त भूमि अथवा अस्पताल के पीछे स्थित अन्य व्यक्ति द्वारा अतिक्रमित की गई भूमि से लगकर स्थित रिक्त भूमि को सामाजिक भवन हेतु कलार समाज को आबंटित करने की मांग की गई थी।



**श्रीराम, सीता हनुमान व कलारिन माता की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के बाद विवाद बढ़ा**

चलते विवाद के बीच श्रीराम, हनुमान व कलारिन माता की मूर्ति की स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा

ग्राम बेलगांव डडसेना कलार समाज द्वारा इष्टदेवी माता बहादुर कलारिन देवी के साथ श्रीराम, माता सीता व हनुमान की मूर्ति स्थापना के साथ प्राण प्रतिष्ठा का विधिवत कार्यक्रम कर सामाजिक कार्यकर्ता दिन रात पूजा पाठ में लगे हुए हैं, ताकि प्रशासन द्वारा भविष्य में अतिक्रमण के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई का भरपूर विरोध किया जा सकें।

ग्राम बेलगांव बाजार चौक परिसर के लिये प्रस्तावित स्थल पर किए जा रहे अवैध कब्जा व मंदिर निर्माण पर रोक लगाने के लिए ग्राम के सरपंच छबील साहू के नेतृत्व में सालिक राम गेडाम, नेतराम साहू, दिनेतु जांगडे, प्रमोद अग्रवाल, संतोष गिर, द्वारिका कुमार, अनिता बाई, राम सिंग, तोरण दास, मीना बाई, राजकुमार, रूपा बाई, यशोदा लहरे, कुमारी बाई, विजय कुमार, हेमलता लहरे, महेश्वरी, सुखमा जांगड़े, कमल, तिजन बाई सहित अन्य ग्रामवासियों ने शनिवार को पुलिस थाना पहुंच ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया कि, ग्राम बेलगांव में जो क्षेत्र का बड़ा बाजार लगता है, वहां बाजार परिसर के लिये प्रस्तावित स्थल पर गांव के ही कलार समाज के द्वारा अवैध कब्जा कर मूर्ति स्थापना कर घेरा कर लिया गया है। जिससे गांव में अशांति का माहौल निर्मित हो गया है। जिसकी जानकारी अनुविभागीय अधिकारी व तहसीलदार को भी दी गई थी। उक्त अधिकारी के द्वारा गांव में पहुंचकर निरीक्षण भी किया गया और कलार समाज को वहां अतिक्रमण हटाकर राजीव सेवा केन्द्र के पास जगह देने का दिये जाने का आश्वासन दिया गया था।किंतु सबकी सहमति नहीं बन पाने के कारण विवाद बढ़ता चला गया। ऐसी स्थिति में कलार समाज अपने जिद अड़ा हुआ है। सामाजिकगण मूर्ति की स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा के बाद अतिक्रमण नहीं हटाने की बात कह रहे है। जिससे गांव के अशांति का वातावरण निर्मित हो गया है। सरपंच व ग्रामीण जनों को आशंका है कि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो उक्त बाजार चौक में और बाकी समाज के लोग भी अतिक्रमण कर सकते है।

### पंचायत द्वारा लिया गया निर्णय मान्य होगा - सरपंच

ग्राम पंचायत बेलगांव के सरपंच छबील साहू ने सामाजिकगणों से कहा है कि पंचायत व ग्रामसभा के माध्यम से जो भी निर्णय होगा उसे सभी को मान्य करना है।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह गरीबों के लिए बना मिसाल - चंद्रिका प्रसाद डडसेना

छुरिया (दावा)। छुरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत तेलिनबांधा में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत 31 जोड़े का विवाह संपन्न हुआ, 29 जोड़े का विवाह हिंदू रीति रिवाज से पंडित देवेंद्र गौतम ने संपन्न कराया गया वही 2 जोड़े का बौद्ध धर्म प्रचारक द्वारा किया गया। विवाह कार्यक्रम शुरू करने से पूर्व छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर उपस्थित अतिथियों ने माल्यार्पण, गुलाल अभिषेक कर किया गया, तत्पश्चात अतिथियों द्वारा पुष्प अर्पित कर बरातियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से चंद्रिका प्रसाद डडसेना जिला उपाध्यक्ष भाजपा, एम.डी. ठाकुर प्रदेश उपाध्यक्ष अनु.जनजाति मोर्चा, किरण वैष्णव अध्यक्ष जनपद पंचायत, अजय पटेल अध्यक्ष मंडल भाजपा, संजय कुमार सिन्हा महामंत्री मंडल भाजपा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डडसेना ने कहा कि आज के इस महंगाई के दौर बेटी के विवाह संपन्न करना मुश्किल हो गया है, इसलिए सरकार ने यह सामूहिक विवाह करने का उचित कदम उठाया है, ताकि निर्धन व्यक्ति भी अपने बेटी बेटे का विवाह उत्साह से कर सके शासन की ओर से सभी जोड़े को उपहार स्वरूप श्रृंगार सामग्री एवं वैवाहिक वस्त्र सहित अन्य उपहार जैसे परत, बाल्टी, पानी टंकी, चम्मच, कुकर, पंखा, थाली गिलास, कटोरी, आलमारी, गद्दा, तकिया, ज्वेलरी सामग्री, मंगलसूत्र, चांदी का बिछिया इत्यादि भेंट किया गया।



इस कार्यक्रम में धन्ना यादव, सोहन साहू, विक्रांत श्रीवास्तव, पलनी स्वामी नायडू, ईश्वर लाड़े, दुलेश्वरी चंद्रवंशी एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी के मरकाम सहित आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता व सहायिका तथा बाराती, घराती बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# गांव-गांव चलो घर घर चलो अभियान छुरिया में

छुरिया (दावा)। आज खुज्जी विधानसभा के छुरिया मंडल में राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर भाजपा द्वारा गांव-गांव चलो घर घर चलो अभियान तहत मंडल भाजपा छुरिया के भाजपा नेता दरबार सिंह यादव को ग्राम नवागांव के प्रभारी बनाया गया, जिसमें आम जनता के बीच पहुंच कर नरेंद्र मोदी की गारंटी एवं मोदी जी के योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा किया गया एवं अगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अधिक से अधिक भाजपा के पक्ष में मतदान करने का अनुरोध किया गया तथा नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का कार्यकर्ताओं के बीच अपनी बात रखा। इस अवसर पर भाजपा नेता दरबार सिंह यादव, बुथ अध्यक्ष दयालु चन्दरवंश, छन्नुलाल वारदे, दुरुप सिंग, पायल बंजारे, संत राम, कंवर हेमंत कंवर तथा इस अभियान के तहत भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# सुघ्घरजन सुरक्षित जिला अभियान के तहत ग्राम भगवानटोला स्कूल में छात्र-छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा के लिए किया जागरूक

मोहला (दावा)। आज 19 फरवरी को पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह (भापुसे) के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अम्बागढ़ चौकी अर्जुन कुर्रे व कार्यालय उप पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर वासनिक के मार्गदर्शन में थाना अम्बागढ़ चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भगवानटोला के शासकीय मिडिल स्कूल में शिक्षकों कि उपस्थिति में छात्र एवं छात्राओं को महिला सुरक्षा के संबंध में उनके कानूनी अधिकार महत्वपूर्ण अभियान अभिव्यक्ति एप, घरेलू हिंसा, बाल विवाह साइबर क्राइम, पाक्सो एक्ट, मानव तस्करी, गुड टच बेड टच सेल्फ डिफेंस,स्वास्थ्य संबंधित शिक्षा के प्रति जागरूक कराया गया। अभिव्यक्ति एप के संबंध में बच्चों को जानकारी दिया गया एवं नशीली पदार्थ का सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया एवं नशा पत्ती न करने कि समझाइश दी गई एवं यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में बताया गया। इस अभियान में स्कूल के प्राचार्य एस. एस. पोसाय, के.के. छेदैया, बी.आर. देवांगन तथा महिला प्रकोष्ठ आईयूसीएडब्लू, थाना मोहला स्टॉफ उपस्थित रहे।

## उपमुख्यमंत्री साव बालोद में श्रद्धांजलि कार्यक्रम में हुए शामिल

बालोद, 19 फरवरी (आरएनएस)। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव आज जिला मुख्यालय बालोद में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य श्री यशवंत जैन की स्व. माता जी के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने बालोद के महावीर भवन में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पहुँचकर स्व. श्रीमती कमला बाई के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने श्री यशवंत जैन के साथ शोकाकुल परिवार से भेंटकर उन्हें ढांढस बंधाया। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री राकेश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा श्री यशवंत जैन के परिजन मौजूद थे।

## पहला कॉलम...

### गाजा में इजराइल और हमास का होगा युद्धविराम! यूएन में कल होगी वोटिंग

नई दिल्ली। इजराइल और हमास में जंग जारी है। यह युद्ध विराम होगा या नहीं, इस पर मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र में मतदान होगा। जानकारी के अनुसार गाजा में तत्काल युद्धविराम की मांग करने वाले अरब समर्थित प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र (संरा) सुरक्षा परिषद में मंगलवार को मतदान होने की संभावना है। वहीं अमेरिका ने मतदान में वीटो का इस्तेमाल करने की घोषणा की है। अरब प्रतिनिधि अल्जीरिया ने मसौदा प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया है, जिस पर परिषद में मतदान किया जा सकता है। अल्जीरिया ने तैयार किया युद्धविराम का मसौदा परिषद के राजनयिकों ने नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि मतदान मंगलवार सुबह होगा। एसोसिएटेड प्रेस के प्राप्त मौजूद, अल्जीरिया द्वारा तैयार अंतिम मसौदे में युद्धविराम के अलावा परिषद से की गई मांग को दोहराया गया है। मसौदे में इजराइल और हमास द्वारा अंतरराष्ट्रीय कानून, विशेष रूप से नागरिकों की सुरक्षा का ईमानदारी से पालन करने और फिलिस्तीनी नागरिकों के जबरन विस्थापन को अस्वीकार करने जैसी मांगें रखी गई हैं।

### शेयर बाजार ने तोड़ा रिकॉर्ड! निफ्टी-50 नए ऑल टाइम हाई लेवल पर

मुंबई। भारत की टॉप 50 कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाला निफ्टी-50 आज लगातार पांचवें ट्रेडिंग सेशन में तेजी का सिलसिला जारी रखते हुए 22,157.90 अंक के नए ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंच गया। इसी के साथ निफ्टी-50 अपने 16 जनवरी के पिछले ऑल टाइम हाई लेवल 22,124 के स्तर को पार कर गया।

एनएसई में लिस्टेड कंपनियों का संयुक्त मार्केट कैप आज की रैली में 4.65 ट्रिलियन डॉलर के रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गया। पिछले चार ट्रेडिंग सेशन में निफ्टी-50 में लगभग 2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। आज के ट्रेडिंग सेशन में बजाज ऑटो, अदाणी एंटरप्राइजेज, डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज, मारुति सुजुकी इंडिया, अदानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन, विप्रो और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी समेत सात कंपनियों के शेयर 52-सप्ताह के नए हाई लेवल पर पहुंच गए। टॉप गेनर कंपनियों में ग्रासिम इंडस्ट्रीज, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, बजाज ऑटो, अदानी एंटरप्राइजेज, भारती एयरटेल, आईटीसी, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज और आईसीआईसीआई बैंक सभी 1.5 प्रतिशत से 2.8 प्रतिशत के बीच बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं।

### इलेक्टोरल बॉन्ड पर अदालत के निर्देशों का करेगा पालन चुनाव आयोग

नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को ओड्सिा दौरे के दौरान चुनावी बॉन्ड पर आयोग का रुख साफ किया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग इलेक्टोरल बॉन्ड या चुनावी बॉन्ड के मामले में उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार कार्रवाई करेगा। पत्रकारों से बात करते हुए, कुमार ने कहा कि आयोग हमेशा सूचना प्रवाह और भागीदारी में पारदर्शिता के आधार पर काम करता है।

कुमार ने कहा, %%शीर्ष अदालत में दायर हलफनामे में आयोग ने कहा है कि वह पारदर्शिता के पक्ष में है और जब आदेश जारी होगा, वह उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार कार्रवाई करेगा।÷ ईवीएम के बिना चुनाव कराने पर सुप्रीम कोर्ट में लंबित एक मामले से जुड़े एक सवाल के जवाब में मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा, ÷निर्णय आने दें, यदि आवश्यक होगा तो अदालत के निर्देश के अनुसार बदलाव किए जाएंगे।÷ सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक ऐतिहासिक फैसले में चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द कर दिया था। अदालत ने टिप्पणी की थी कि यह संविधान के तहत सूचना के अधिकार और भाषण व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन करता है।

### ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयारियों में जुटा भारत

नई दिल्ली। भारत ओलंपिक 2036 की मेजबानी के लिए तैयारियां कर रहा है। शनिवार को मुंबई में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के 141वें सत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात की जानकारी दी। इससे पहले भारत युवा ओलंपिक 2029 की मेजबानी का भी इच्छुक है। वहीं, केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने हाल ही में ओलंपिक 2026 की मेजबानी पर बात की थी। उन्होंने बताया था कि भारत प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए उत्साहित है।

ओलंपिक 2036 की मेजबानी के लिए अहमदाबाद शहरी विकास प्राधिकरण (एयूडीए) आधार तैयार कर रहा है। एयूडीए ने अहमदाबाद विकास योजना 2041 का अनावरण किया है।

# कोलकाता नाइटराइडर्स में शामिल हुए श्रीलंका के दुष्मंथा चमीरा

## इंग्लैंड का तेज गेंदबाज आईपीएल से बाहर

नई दिल्ली। आईपीएल के आगामी सीजन से पहले कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) को को बड़ा झटका लगा है। उसके तेज गेंदबाज गस एटकिंसन टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। इंग्लैंड के इस तेज गेंदबाज का दुनिया के सबसे बड़े टी20 लीग में खेलने का सपना टूट गया। एटकिंसन के स्थान पर केकेआर ने श्रीलंका के तेज गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा को टीम में शामिल किया है।



एटकिंसन को कोलकाता ने नीलामी में उनके बेस प्राइस एक करोड़ रुपये में खरीदा था। चमीरा के आने से टीम के 50 लाख रुपये बच गए हैं। कोलकाता ने लखनऊ सुपर जाएंट्स, राजस्थान रॉयल्स (2018) और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (2021) के लिए खेल चुके इस तेज गेंदबाज को 50 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया है। चमीरा 2022 सीजन में लखनऊ की टीम में थे। उन्होंने 12 मैचों में नौ विकेट झटके थे। आईपीएल के आगामी सीजन के लिए कोलकाता की टीम श्रेयस अय्यर (कप्तान), नीतीश राणा, रिंकू सिंह, रहमनुल्लाह गुरबाज, शेरफेन रदरफोर्ड, केएस भरत, मनीष पांडे, जेसन रॉय, अंगक्रिश रघुवंशी, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, वेंकटेश अय्यर, सुयश शर्मा, मुजीब उर रहमान, दुष्मंथा चमीरा, शाकिब हुसैन, हर्षित राणा, सुनील नरेन, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती, मिचेल स्टार्क, चेतन सकारिया।

## पापुआ न्यू गिनी में एक बार फिर भड़की आदिवासी हिंसा, 53 की हत्या

मेलबर्न । पापुआ न्यू गिनी में पिछले कुछ महीने से हिंसा की कई घटनाएं देखने को मिल चुकी हैं। हालांकि, सरकार बार-बार दावे करती रही है कि वो लोकतंत्र को मजबूती के साथ स्थापित करेगी, लेकिन जब भी उसकी ओर से कोई कदम उठाया जाता है तो कहीं न कहीं हिंसा की खबर आ जाती है। अब एक बार फिर यहां आदिवासी हिंसा में कम से कम 53 लोगों की गोली मारकर हत्या करने की जानकारी सामने आई है। यह सूचना ऑस्ट्रेलिया मीडिया ने सोमवार को स्थानीय पुलिस के हवाले से दी है।

ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने बताया कि दक्षिण प्रशांत द्वीप राष्ट के सुदूर हाइलैंड्स क्षेत्र में एंगा प्रांत में घात लगाकर हमला किया गया था। इससे कम से कम 53 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोगों के घायल होने की भी जानकारी है।

रॉयल पापुआ न्यू गिनी कांस्टेबुलरी के कार्यवाहक अधीक्षक जॉर्ज ने बताया कि पुलिस को जंगल में भागे घायलों के शव मिले हैं। इसके अलावा, सड़कों और नदी के किनारे से शवों को एकत्र किया गया है। इन शवों को ट्रकों पर लादकर अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी अभी भी उन लोगों की गिनती कर रहे हैं, जिन्हें गोली मारी गई और घायल हुए।

बता दें, पापुआ न्यू गिनी की गिनती विकासशील देशों में होती है। यहां बड़ी संख्या में आदिवासी जातियां भी निवास करती हैं। करीब 800 से अधिक भाषाएं बोली जाती हैं। इससे पहले जनवरी में भी यहां हिंसा भड़की थी, जिसमें 16 लोगों की मौत हुई थी। घटना के बाद प्रधानमंत्री ने देश में इमरजेंसी की घोषणा कर दी थी।

## जसप्रीत बुमराह नहीं खेलेंगे रांची टेस्ट!

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। भारत ने इस सीरीज पर 2-1 से बढ़त बना ली है। बीते दिन भारत ने इंग्लैंड को राजकोट टेस्ट में 434 रनों से मात दी है। यह भारत के लिए ऐतिहासिक जीत है। भारत इस सीरीज का चौथा मुकाबला 23 फरवरी से 27 फरवरी के बीच खेलने वाला है। इस मैच से पहले भारत की प्लइंग इलेवन को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है।



भारत के दिग्गज खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह अगले टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं। रांची में खेले जाने वाले सीरीज के चौथे मुकाबले में जसप्रीत बुमराह खेलते हुए नहीं दिखेंगे, यह बुमराह के फैंस को झटका लगने जैसा है। चलिए आपको बताते हैं क्या है इसके पीछे का कारण। बुमराह को आखिर चौथे टेस्ट मैच से क्यों बाहर जाना पड़ा है। भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम ने 2-1 से बढ़त बना ली है। अगला मुकाबला अपने नाम करने के साथ ही भारत इस सीरीज पर कब्जा कर लेगा, लेकिन इस मैच में भारत के मैच विनर खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह खेलते नहीं दिखेंगे।

## पाक की इकोनॉमी से भी बड़ा हो गया टाटा ग्रुप

नई दिल्ली। देश के दिग्गज कारोबारी समूहों में गिने जाने वाले टाटा ग्रुप के नाम एक और उपलब्धि दर्ज हो गई है. उसने पड़ोसी देश पाकिस्तान की पूरी इकोनॉमी को पीछे छोड़ दिया है. टाटा ग्रुप का मार्केट कैप 365 अरब डॉलर हो चुका है.

उधर, आईएमएफ के अनुमान के मुताबिक, आर्थिक और राजनीतिक संकट में फंसे पाकिस्तान की जीडीपी लगभग 341 अरब डॉलर ही है.

टाटा ग्रुप की कंपनियों के शेयर पिछले साल जबरदस्त तेजी से बड़े हैं. उन्होंने निवेशकों को भी अच्छे रिटर्न दिए हैं. इसके चलते टाटा ग्रुप के मार्केट कैप में भी तेज उछाल आया है.

## सीबीआई को हाई कोर्ट की फटकार, गलत थी चंदा कोचर और उनके पति की गिरफ्तारी

नई दिल्ली। वीडियोकॉन लोन केस की सुनवाई करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट ने आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व एमडी एवं सीईओ चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर की जमानत याचिका मंजूर कर ली है. सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सीबीआई को फटकार लगाते हुए कहा कि इस मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी ने अपनी शक्तियों का दुरूपयोग किया. जस्टिस अनुजा प्रभुदेसाई और एनआर बोरकर की डिवीजन बेंच ने जनवरी में अन्य बेंच द्वारा दिए गए जमानत आदेश पर 6 फरवरी को मोहर लगा दी.



सोमवार को उपलब्ध कराए गए आदेश के अनुसार, हाई कोर्ट ने कहा कि सीबीआई ऐसे सबूत पेश करने में विफल रही, जिनसे साबित हो सके कि यह गिरफ्तारी जरूरी थी. इसलिए इस गिरफ्तारी को अवैध माना जाता है. कोर्ट ने सीबीआई की उस दलील को भी मानने से इनकार कर दिया, जिसमें कहा गया था कि चंदा कोचर और उनके पति जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे. इसलिए उन्हें गिरफ्तार करना प?ा. कोर्ट ने कहा कि जांच के दौरान आरोपी को चुप रहने का अधिकार संविधान से मिला है. इसे जांच में असहयोग नहीं माना जा सकता. कोचर दंपति को 3,250 करोड़ रुपये के वीडियोकॉन लोन केस में 23 दिसंबर, 2022 को गिरफ्तार किया था.

इससे पहले बॉम्बे हाई कोर्ट की एक बेंच ने चंदा कोचर और दीपक कोचर की गिरफ्तारी को अवैध करार दिया था. बेंच ने कोचर दंपत्ति की गिरफ्तारी के तुरंत बाद 9 जनवरी, 2023 को दोनों को जमानत दे दी थी. सीबीआई ने कोचर के अलावा वीडियोकॉन ग्रुप के फाउंडर वेणुगोपाल धूत को भी गिरफ्तार किया था. उन्हें भी हाई कोर्ट ने अंतरिम आदेश में जमानत दे दी थी. सीबीआई ने आरोप लगाया था कि आईसीआईसीआई बैंक ने बैंकिंग नियमों, आरबीआई गाइडलाइंस और बैंक की क्रेडिट पॉलिसी का उल्लंघन करते हुए वीडियोकॉन समूह की कंपनियों को गलत तरीके से 3,250 करोड़ रुपये के लोन मंजूर किए थे.

## राजकोट में हार के बाद बौखलाया इंग्लैंड, अंपायर पर लगाया चीटिंग करने का आरोप

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच खेला गया राजकोट टेस्ट मैच में भारत ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ इतिहास की सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। भारत ने विरोधी टीम को 434 रनों से शिकस्त देकर सीरीज पर भी 2-1 की बढ़त बना ली है। हैदराबाद टेस्ट में मिली हार के बाद टीम इंडिया के लिए यह लगातार दूसरी जीत है। भारत ने पहले तो विशाखापट्टनम टेस्ट में इंग्लैंड को हराया, फिर राजकोट में भी विरोधी टीम को धो डाला। लगातार दो हार मिलने से इंग्लैंड की टीम बौखला गई है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने मैच के बाद कहा कि उनके साथ चीटिंग हुई है। चलिए आपको बताते हैं क्या है पूरा माजरा।



बता दें कि यह विवाद शुरू हुआ है इंग्लैंड के बल्लेबाज जैक क्रॉली के विकेट को लेकर। राजकोट टेस्ट मैच के चौथे दिन का खेल खेला जा रहा था। भारत ने इंग्लैंड के सामने 556 रनों का लक्ष्य रखा था। पिच की कंडीशन को देखते हुए यह टारगेट बड़ा ही नहीं बल्कि काफी विशाल था, इस कारण से इंग्लैंड की टीम काफी दबाव भी महसूस कर रही थी। इंग्लैंड के खिलाड़ी जैक क्रॉली जब 11 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे इस दौरान गेंदबाजी के लिए आए जसप्रीत बुमराह ने जैक क्रॉली को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। अंपायर ने बल्लेबाज को आउट दिया तो खिलाड़ी ने रिव्यू की मांग कर ली, यहीं से इस विवाद ने जन्म ले लिया है। बेन स्टोक्स बताते हैं कि थर्ड अंपायर द्वारा चेक किए जाने पर साफ तौर पर दिख पा रहा था कि गेंद स्टंप को मिस कर रही है, बावजूद इसके अंपायर्स कॉल देकर जैक क्रॉली को आउट करार दे दिया। यह मुझे कुछ समझ नहीं आया।

## अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर बालाज टीप की गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली। पाकिस्तान से बड़ी खबर आ रही है। मिली जानकारी के अनुसार पाकिस्तान में लाहौर के अंडरवर्ल्ड डॉन जो कि माल परिवहन नेटवर्क का ?मालिक है, उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई है।

लाहौर के इस अंडरवर्ल्ड डॉन का नाम अमीर बालाज टीपू है। इसे 18 फरवरी को एक शादी समारोह में अज्ञात हमलावर ने गोली मार दी। डॉन के अनुसार, एक निजी टीवी चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, लाहौर के अंडरवर्ल्ड के एक प्रमुख व्यक्ति और माल परिवहन नेटवर्क के मालिक अमीर बालाज टीपू को 18 फरवरी को चुंग इलाके में एक शादी समारोह के दौरान एक अज्ञात हमलावर ने गोली मार दी थी।

## फैज फजल ने अंतरराष्ट्रीय और फर्स्ट क्लास क्रिकेट से लिया संन्यास

नई दिल्ली। भारतीय टीम में अधिक मौके नहीं मिलने के कारण एक और खिलाड़ी ने संन्यास का ऐलान कर दिया। 38 साल के फैज फजल ने अंतरराष्ट्रीय और फर्स्ट क लास क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। उन्होंने साल 2016 पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में वनडे डेब्यू किया था।



मगर वह भारत के लिए सिर्फ 1 वनडे मैच ही खेलने में सफल रहे हैं। हालांकि फैज फजल का फर्स्ट क्लास और लिस्ट-ए करियर काफी शानदार रहा है। फैज फजल की कप्तानी में ही विदर्भ ने पहला रणजी ट्रॉफी का खिताब जीता था।

फैज फजल ने सोशल मीडिया के माध्यम से संन्यास का ऐलान किया।

उन्होंने सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि भारत और विदर्भ का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सम्मान की बात हैं। जहां से 21 साल पहले मेरे फर्स्ट क्लास क्रिकेट की शुरुआत की थी उसी नागपुर के मैदान पर आखिरी बार कदम रखूंगा।

*सभी फसलों की एमएसपी गारंटी ...*

0 सरकार फसलों के विविधीकरण पर दे रही हैं जोर- ग्लोबल वार्मिंग के चलते सरकार फसलों के विविधीकरण पर जोर दे रही है. सरकार का मानना है कि परंपरागत गेंहू धान और गन्ना उगाने में पानी और उर्वरक ज्यादा लगने से किसानों की खेती की लागत बढ़ रही है. इससे वो दूसरी फसल उगाए, जिसमें पानी और उर्वरक कम लगता है. लेकिन किसानों के बीच इसको लेकर कई तरह के असमंजस है. फिलहाल शंभू बार्डर पर शांति है. एक तरफ आंदोलनकारी किसान बैठे हैं. दूसरी तरफ उनको रोकने के लिए पुलिस बल तैनात है. 21 तारीख को किसान संगठन अपना फाइनल रुख बताएंगे. फिलहाल किसान और सरकार दोनों चाहते हैं कि ये मामला शांति से निपट जाए.

*हॉर्स ट्रेडिंग गंभीर मामला...*

उन्होंने कहा था कि चुनाव की पवित्रता बरकरार रखने के लिए चंडीगढ़ मेयर चुनाव की डिटेल पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार के पास जमा होंगे. हम लोकतंत्र की हत्या नहीं होने देंगे. साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने अगले आदेश तक बजट पेश नहीं करने के लिए कहा था.

*खरगे ने दिए संकेत, अमेठी के चुनावी...*

खरगे ने कहा कि अमेठी के लोग भी यही बोलते हैं और राहुल गांधी को चाहते हैं। राहुल गांधी ने चुनाव लड़ने को लेकर भले ही सीधे कोई टीका-टिप्पणी नहीं कि लेकिन अमेठी और यहां के लोगों के साथ गहरे प्यार और जुड़ाव का इजहार करते हुए सदैव उनका आभारी रहने की बात कह पुराने रिश्ते की डोर को आगे बढ़ाते रहने का संदेश दिया।

अमेठी से रिश्ते की बुनियाद नई नहीं बल्कि दशकों पुरानी- राहुल गांधी के रिश्ते की बुनियाद अमेठी से नई नहीं बल्कि दशकों पुरानी है, इसका संदेश देने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष ने राजनीति में आने के बाद 1998 में पहली बार अमेठी आयी सोनिया गांधी के पूरे बयान को पढ़ा। इसमें सोनिया ने कहा था %मेरे मन में अमेठी के लोगों के प्रति अटूट प्रेम और आदर है। अमेठी मेरे पति की कर्मभूमि थी। उनके दिल में अमेठी के भाई-बहन के लिए कितना प्यार और समर्पण था मैंने इसे गहराई से महसूस किया है। आपने हर हालात में हमारा साथ दिया है। ये बात हम कभी भूल

## शेष प्रथम पृष्ठ का

नहीं सकते।'

*छत्तीसगढ़ में नहीं थम रहे नक्सली हमले...*

में नल जल योजना में काम करने वाले प्लंबर इकबाल मियां अपने सहकर्मी के साथ 15 फरवरी को साप्ताहिक बाजार के सामने बने घर के बाहर खड़ा थे। तभी दो युवक पीछे से आकर इकबाल से बात करते हुए शराब कहां मिलेगी पूछा। इसी दौरान डंडे से सिर पर हमला करते हुए गला रेतकर फरार हो गए। पुलिस टीम अभी इसे नक्सली घटना नहीं मान रही है, क्योंकि किसी भी तरह से कोई भी नक्सली पर्चा नहीं मिला है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

कमांडर की कुल्हाड़ी मारकर हत्या- 18 फरवरी को बीजापुर के कुटरू थाना क्षेत्र के साप्ताहिक बाजार में सीएएफ कंपनी कमांडर तिजाउ राम भुआर्य की कुल्हा?ी मारकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद से इलाके में दहशत फैल गई। नक्सली वारदात बढ़ती ही जा रही हैं। वहीं, सरकार की तरफ से अभी कोई भी कड़ा कदम नहीं उठाया गया है।

*'पंच-सूत्र' पर आधारित होगी...*

ऐसे में एमएसपी तय करते समय राज्यों की न्यूनतम और अधिकतम कृषि लागत का औसत मूल्य के आधार पर ही आकलन किया जाना चाहिए। किसान नेता एवं कमेटी के सदस्य कृष्णवीर चौधरी ने एक सुझाव यह भी दिया है कि बाजार खोल दिया जाए और एमएसपी के तहत आने वाली फसलों का ग्रेडिंग के अनुसार रिजर्व प्राइस तय कर दिया जाए। एमएसपी से कम पर खरीद-बिक्री को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया जाए। इसे सख्ती से लागू करने के लिए आर्थिक दंड का प्रविधान कर दिया जाए और राज्य सरकार इसकी निगरानी करे, क्योंकि कृषि राज्यों का विषय है। मंडियां उन्हीं के नियंत्रण में हैं।

एमएसपी की गारंटी देने से महंगाई में हो सकती है वृद्धि- कमेटी का मानना है कि किसानों का व्यापक हित तबतक नहीं हो सकता है, जब तक बाजार के लिए एक आचार संहिता तय नहीं होगी। सिर्फ एमएसपी की गारंटी देने से महंगाई में वृद्धि हो सकती है। बाजार खोलने का अर्थ कि केंद्र सरकार सिर्फ बफर स्टाक के लिए ही खरीद करे। बाकी खरीदारी निजी क्षेत्र करें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर एमएसपी को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने, प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने और बड़ी आबादी की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए फसल पैटर्न को बदलने के तौर-तरीकों पर विमर्श करने के लिए जुलाई 2022 में पूर्व कृषि सचिव संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में एमएसपी पर विमर्श के लिए उच्चस्तरीय समिति बनाई गई थी।

किसान संगठनों से छह सदस्यों को समिति ने किया था आमंत्रित- उद्देश्य किसानों का असंतोष खत्म कर उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम भी बनाना था। समिति में कृषि, किसान संघों एवं शिक्षा से जुड़े सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्र से कुल 28 जानकारों को शामिल किया गया है। निष्कर्षों को सर्वमान्य बनाने के लिए किसान संगठनों से छह सदस्य को आमंत्रित किया गया था, जिनमें संयुक्त किसान मोर्चा से भी तीन सदस्य मांगे गए थे, जो आंदोलन से जुड़े हैं। हालांकि, मोर्चा ने अभी तक किसी बैठक में अपने प्रतिनिधि नहीं भेजे।

*धार्मिक जगहों के लिए खुला खजाना....*

इसी तरह वाराणसी में विभिन्न विभागों की 124 प्रोजेक्ट धरातल पर उतरेंगे। इनमें सर्वाधिक पर्यटन व हॉस्पिटालिटी सेक्टर के हैं। इससे करीब 43 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। मथुरा में 81 प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने के लिए भूमि पूजन हुआ है। प्रदेश सरकार यहां 150 करोड़ से मथुरा-वृंदावन कॉरिडोर का निर्माण भी कराने जा रही है। इससे वहां निवेशकों व पर्यटकों की संख्या में और वृद्धि होगी और लगभग 30 हजार लोगों के लिए रोजगार के अवसर मिलेंगे।

इसी तरह कुशीनगर में 1,152 करोड़, प्रयागराज में 9,619 करोड़, चित्रकूट में 7,047 करोड़, नैमिषारण्य तीर्थक्षेत्र के लिए सीतापुर में 21,801 करोड़ और मिर्जापुर में 7358 करोड़ रुपये का निवेश धरातल पर उतरेगा। वहीं, वर्ष 2025 में प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ के मद्देनजर वहां निवेश परियोजनाओं को जल्द से जल्द धरातल पर उतारने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें कुछ प्रमुख होटल व कई अन्य परियोजनाएं भी हैं।

## आनंद महिंद्रा ने सरफराज के पिता को थार ऑफर की, कहा - हिम्मत नहीं छोड़ना, सरफराज ने राजकोट में किया टेस्ट डेब्यू

स्पोर्ट्स डेस्क। राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू करने के साथ ही सरफराज खान का लंबा इंतजार खत्म हो गया। भारतीय टीम के लिए सरफराज ने पहला इंटरनेशनल मैच उनके पिता नौशाद के सामने आया, जो क्रिकेटर की सबसे बड़ी प्रेरणा बने हुए हैं। इसी बीच महिंद्रा ग्रुप के चेयरमेन आनंद महिंद्रा ने सरफराज के पिता को थार जीप ऑफर की है।



आनंद महिंद्रा ने शुक्रवार को सरफराज पर BCCI के एक वीडियों पर रिएक्ट करते हुए एक्स पर लिखा - हिम्मत नहीं छोड़ना, बस। कड़ी मेहनत, साहस और धैर्य, एक पिता के लिए एक बच्चे में प्रेरणा देने के लिए इससे बेहतर गुण और क्या हो सकते हैं? एक प्रेरणादायक माता-पिता होने के नाते, यह मेरा सौभाग्य और सम्मान होगा अगर नौशाद खान थार का गिफ्ट स्वीकार करें।

### सरफराज ने डेब्यू मैच में दोनों इनिंग्स में अर्धशतक जमाए

सरफराज खान ने डेब्यू मैच की दोनों इंनिंग्स में अर्धशतक जमाए। पहली इनिंग्स में उन्होंने 66 बॉल पर 62 रन की पारी खेली। रवींद्र जडेजा के साथ कन्फ्यूजन के चलते सरफराज रनआउट हो गए। 82वें ओवर की पांचवीं बॉल पर मिड ऑन की ओर शॉट खेलने के बाद जडेजा रन लेने के लिए आगे आए, सरफराज भी दूसरे छोर से दौड़ पड़े। जडेजा ने सरफराज को रन लेने के लिए मना किया, लेकिन जैसे ही सरफराज क्रीज की ओर वापस आ रहे थे, मार्क वुड ने डायरेक्ट थ्रो कर उन्हें रनआउट कर दिया। दूसरी पारी में सरफराज 68 रन बनाकर नाबाद लौटे। डेब्यू में दोनों पारियों में अर्धशतक जमाने वाले चौथे भारतीय बने सरफराज सरफराज खान डेब्यू मैच की दोनों इनिंग्स में अर्धशतक लगाने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज बने। सरफराज से पहले, 1934 में इंग्लैंड के खिलाफ दिलवार हुसैन, 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ सुनील गावस्कर ने और श्रेयस अय्यर ने 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ डेब्यू पर दो बार 50 से ज्यादा का स्कोर बनाया था।

### महिंद्रा अक्सर खिलाड़ियों को देते है थार, गिल-शार्दूल को दे चुके

आनंद महिंद्रा भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले कई एथलीट को थार गिफ्ट कर चुके हैं। इसमें शुभमन गिल, मोहम्मद सिराज, नवदीम सैनी, शार्दूल ठाकुर, वॉशिंगटन सुंदर और टी नटराजन शामिल है।थार की बात करें तो सेकंड जनरेशन महिंद्रा थार भारतीय बाजार में एक लोकप्रिय स्ङ्क बन चुकी है। नई थार ने अपने लुक-स्टाइल और फीचर्स लिस्ट की बदौलत लोगों का ध्यान आकर्षित करती हैं। लॉन्च होने के बाद इसे काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। थार की बात करें तो सेकंड जनरेशन महिंद्रा थार भारतीय बाजार में एक लोकप्रिय- बन चुकी है। नई थार ने अपने लुक-स्टाइल और फीचर्स लिस्ट की बदौलत लोगों का ध्यान आकर्षित करती हैं।

# जल जीवन मिशन से ग्रामीण क्षेत्रों के जनसामान्य को मिल रहा शुद्ध पेयजल

राजनांदगांव (दावा)। जिन गांवों में कल तक पीने के लिए पानी कुंआ, नदी, नालों एवं दूर जाकर हैण्डपंप से लाना पड़ता था। आज वह जल की अमृत बूंदे जल जीवन मिशन से लोगों के घरों तक पहुंच रही है। अब पानी के लिए दूर तक जाना नहीं पड़ता, नल कनेक्शन से घर तक पानी पहुंच रहा है। घरेलू कामकाज के साथ दूसरी जरूरतों के लिए घर पर ही पानी मिलने से विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को बड़ी राहत मिली है।

**○ जल जीवन मिशन योजना से सहसपुर दल्ली के 198 परिवारों को मिल रहा नल से शुद्ध जल**
**○ श्रीमती पूनम साहू ने जल जीवन मिशन से शुद्ध पेयजल मिलने पर केन्द्र**



जल जीवन मिशन केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य देश के सभी सुदूर ग्रामों में प्रत्येक घर में नल से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति करना है। जिसे केन्द्र एवं राज्य सरकार मिलकर मूर्त रूप दे रहे है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले के ग्रामीणों क्षेत्र के प्रत्येक घरों तक नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुंचाने की दिशा में युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सहसपुर दल्ली में जल जीवन मिशन योजना से सभी घरों में टेप नल कनेक्शन लगाकर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। अब ग्राम सहसपुर दल्ली की दशा पहले की अपेक्षा सुधरने लगी है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा संचालित जल जीवन मिशन अंतर्गत गाँव के प्रत्येक घर को नल और जल से जोडऩे की योजना से गांव में पेयजल की कमी दूर हुई है।

जल जीवन मिशन शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के तहत गांव में डिस्ट्रीब्यूशन 1316 मीटर एवं राइजिंग मेन 670 मीटर की पाइप लाइन बिछाकर ग्राम सहसपुर दल्ली के 198 परिवारों को नल से शुद्ध जल की सुविधा प्रदान की जा रही है। सरपंच ग्राम पंचायत सहसपुर दल्ली रामचरण कंवर ने बताया कि जल जीवन मिशन अब द्रुतगति से आगे बढ़ रहा है, जिससे ग्रामवासी अब राहत की सांस लेने लगे हैं। ग्राम के वार्ड नंबर-3 निवासी श्रीमती पूनम साहू ने कहा कि पहले घर में पानी समस्या थी। जिसके लिए पानी के लिए दूर-दूर जाना पड़ता था। बोरिंग, कुंआ, तालाब से गंदा पानी पीना पड़ता था। अब जल जीवन मिशन आने से स्वच्छ और शुद्ध पेयजल मिल रहा है। इसके लिए उन्होंने केन्द्र सरकार और राज्य सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया।

इसी तरह वार्ड नंबर 5 की निवासी श्रीमती रमला नेताम तथा श्रीमती तारामति गौतम ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उनके गांव के लोगों को पहले पानी भरने के लिए समुचित व्यवस्था न होना, बोरिंग का बंद पड़ जाना, कुओं का सूख जाना जैसी समस्याओं से समस्याओं का सामना करना पड़ता था। साथ ही ग्रामीणों को पानी भरने के लिए बहुत दूर जाना पड़ता था, कई बार रात्रि को पानी के लिए जाना, बरसात के दिनों में पानी के लिए कतार में खड़े रहना पड़ता था, किन्तु जल जीवन मिशन अंतर्गत आज गांव के हर घर में टेप नल कनेक्शन मिलने से आज उनके समय की बचत हो रही है। ग्राम सहसपुर दल्ली की महिलाओं ने बताया कि आज वे सुरक्षित एवं गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। इस प्रकार सहसपुर दल्ली के ग्रामीणों की दशा में सुधार हुआ है।

# 'सुग्घरजन सुरक्षित' अभियान के तहत ग्राम कोरकोट्टी में जनदर्शन कार्यक्रम में सुनी गई लोगों की समस्याएं

मोहला (दावा)। पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह (भापुसे) के निर्देशन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन प्रशांत कतलम, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मयंक तिवारी के मार्गदर्शन में मानपुर थाना प्रभारी उप निरीक्षक रविशंकर डहरिया के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 19 फरवरी को सुग्घरजन सुरक्षित मोहला अभियान सामुदायिक पुलिसिंग जागरूकता अभियान के तहत चलित थाना एवं सामुदायिक पुलिस कार्यक्रम का आयोजन अतिनक्सल प्रभावित ग्राम कोरकोट्टी में जन चौपाल लगाकर की गई।

**पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करने हेतु सामुदायिक पुलिसिंग के तहत पहल**

वहां उपस्थित सभी को वर्तमान में हो रहे सायबर क्राईम, एटीएम फ्राड, वाट्सअप, केवाईसी, लॉटरी लगने के नाम पर फेसबुक इस्टाग्राम में अंजान लोगों से साझा न करने तथा शराब सेवन कर वाहन न चलाये, मोटर साइकल में तीन सवारी सफर न करें, हेलमेट पहन कर मोटर साइकल चलाने और यातायात नियमों का पालन करने, फेरी वाले, कंबल व अन्य सामग्री बेचने वाले, सोना चांदी गहनो की सफाई के नाम पर धोखाधडी करने वाले अंजान लोगों के गांव में आने पर पुलिस को तत्काल सूचना देवे, घरेलु हिंसा, महिला संबधी अपराध, टोनही प्रताड़ना, पोस्को एक्ट, प्रसूती आधार कार्ड लिंक, केवाईसी लिंक, ओएलएक्स, चिटफंड, वाट्सअप, फेसबुक व इस्टाग्राम में अश्लील विडियो व फोटो, जाति धर्म के प्रति लोगों के भावना को ठेस न पहुंचे इस प्रकार की मैसेज न भेजे। बच्चों को विद्यालय भेजने, अनावश्क रोड में चक्काजाम नहीं करने, नशा नही करने और मानव जीवन में शिक्षा के महत्व पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। गांव में किसी प्रकार की अपराध घटित होने पर तुरंत थाना में सूचना देने की समझाइश दी गई तथा कांस्टेबल भर्ती के बारे में बताकर अधिक से अधिक लोगों को फॉर्म भरने कहा गया, ग्रामीणों द्वारा किसी प्रकार की शिकायत नहीं होना बताया गया।

# सुराना कॉलेज रक्तदान शिविर में हुआ 54 यूनिट रक्तदान



दुर्ग (दावा)। जिला शिक्षण समिति दुर्ग द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में लगभग 54 यूनिट रक्तदान हुआ सेठ आर.सी.एस. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के हाल में छात्रों व शिक्षकों में रक्तदान हेतु उत्साह देखा गया, लगभग 40 से अधिक लोगों ने पहली बार रक्तदान किया।

जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष प्रवीण तिवारी व सदस्य अनिल सुराना ने रक्तदान कर उपस्थित रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाया, नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य कुलवंत सिंह भाटिया, राज आढ़तिया, जितेंद्र हासवानी, राजेश पारख पूरा समय उपस्थित रहे व रक्तदान हेतु तकनिकी सहयोग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रहलाद रूंगटा ने सभी रक्तदानियों की तारीफ की व कहा रक्तदान को अपनी आदत में शामिल करें एवं सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र दे सम्मानित किया।

महाविद्यालय की ओर से प्रमोद यादव, भावना वर्मा, निधि मिश्रा, राकेश दिवाकर, संजय लाल, योगेश देशमुख, शालिनी शर्मा, भावना दुबे, निधि मिश्रा, राकेश दिवाकर, संजय लाल, योगेश देशमुख, शालिनी शर्मा, चंद्र शेखर देवांगन, रूपल गुप्ता सहित अन्य लोगों ने रक्तदान किया। इस कार्यक्रम में जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष प्रवीण चन्द्र तिवारी, अनिल सुराना, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा, नेशनल स्कूल के प्राचार्य श्रीमती मधु गोस्वामी, एनएसएस अधिकारी श्रीमती निधि मिश्रा व डॉ.उमेश वैद्य, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट नीलेश तिवारी, रेडक्रास सोसायटी के प्रभारी फरहा परवीन सिद्दीकी उपस्थित रहे व रक्तदान शिविर में सहयोग किया।

# कोसरिया यादव समाज का वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास सम्पन्न हुआ

राजनांदगांव (दावा)। पिछले दिनों सर्किल कोशरिया यादव समाज दीवानभेड़ी का वार्षिक उत्सव ग्राम अमलीडीह में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हो गया। इस अवसर पर समाज के प्रतिभाशाली यादव गौरव सम्मान से सम्मानित एवं आदर्श विवाह भी हुआ। गौरवशाली कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक दलेश्वर साहू डोंगरगांव तथा अध्यक्षता भावेश सिंग जनपद अध्यक्ष डोंगरगढ़ ने किया। विशेष अतिथियों में कन्शु राम यादव अध्यक्ष जिला कोशरिया यादव समाज राजनांदगांव, श्रीमती प्रभा साहू जिला पंच, सदस्य, श्रीमती ओम बाई सरपंच अमलीडीह, वेदराम साहू ग्राम पटेल अमलीडीह आदि थे।



**गौरव सम्मान, आदर्श विवाह भी हुआ**

जिला पदाधिकारी गणों में कार्तिक राम यादव, फगुवा राम यादव, राधे लाल यादव, शीलु राम यादव, महेश यादव, दुर्गा यादव, हरीश यादव, अलख राम यादव सहित सुदर्शन यादव, मूलचंद डोंगरगांव, चिंता राम चिरचारीकला, राधे लाल पुराइना, रोहित यादव, बिसम्भ यादव रामपुर भी उपस्थिति देकर सामाजिक एकता का परिचय दिये हैं। वार्षिक उत्सव का शुभारम्भ मंगल कलश यात्रा से ग्राम भ्रमण से हुआ। राउत नृत्य विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र था। समाज के बच्चे बढ़-चढ़कर भाग लिए थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दलेश्वर साहू ने समाज में व्याप्त पुराने विचार धाराओं को त्यागकर नई पीढ़ी के साथ नया विचारों के साथ आगे आने पर जोर दिया। समाज के मांग को पुरा करने का आश्वाशन दिया। जिला अध्यक्ष कन्शुराम यादव ने कहा कि महिला मंडल के गठन के साथ आर्थिक रूप से मजबूत होने, स्वरोजगार योजना के साथ आगे बढ़ना, राजनीति के शेत्र में आगे आने पर विशेष जोर दिया। प्रबुद्धजनों ने भी समाज हित में प्रेरणा दायक संदेश दिये। कार्यक्रम का सफल संचालन ग्वाला प्रसाद यादव ने किया। कार्यक्रम की सफलता में सर्किल अध्यक्ष लखन लाल यादव, सचिव पन्ना यादव, उपाध्यक्ष तीरथ यादव सहित समस्त पदाधिकारी गणों का, पचगैया साथियों युवा मंडल, महिला मंडल आदि का सरानीय सहयोग रहा। सर्किल के स्वाजातीय बंधुयों ने यादव की एकता का अच्छा उदाहरण दिये हैं इसका अनुकरण अन्य सर्किलों को अवश्य करनी चाहिए। जिला कोशरिया यादव समाज ने ऐसे सफल आयोजन के लिए सर्किल दीवानभेड़ी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिये हैं।

# कोठीटोला में फाइलेरिया जागरूकता अभियान

**स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुलिस जवानों को दवाई पिलाई**



डोंगरगढ़(दावा)। दिनांक 19 फरवरी को आइटीबीपी बेस कैंप - कोठी टोला में फाइलेरिया जागरूकता के अंतर्गत फाइलेरिया से बचने हेतु स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुलिस के जवानों को फ़ाइलेरिया के रोकथाम हेतु दवाई का सेवन कराया। इस कार्यक्रम में ढाई सौ जवानों ने दवाई का सेवन किया और फाइलेरिया से बचने हेतु संकल्प लिया। इस अभियान को क्रियान्वित करने में डॉ योगेश कन्नौजे (प्रभारी चिकित्सा अधिकारी) चारभाटा व तुमन देवांगन आरएमए के नेतृत्व में संतोष मलेकर आरएचओ, योगेश्वरी चंद्रवंशी सीएचओ सहित अन्य कर्मचारीयों का सहयोग रहा।

# दिग्विजय महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. एल. टान्डेकर के संरक्षण में महाविद्यालय द्वारा विकसित भारत/2047 पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विकसित भारत/ 2047 के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु महाविद्यालय स्तर पर एक समिति का गठन प्राचार्य डॉ. टान्डेकर द्वारा किया गया है।

**शालिनी को मिला प्रथम स्थान**

इस समिति के संयोजक डॉ. अश्वनी कुमार शर्मा सहायक प्राध्यापक रसायनशास्त्र एवं सदस्य श्रीमती सुमन कोचर, हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर, श्रीमती रोहिणी समरित एवं रामावतार को बनाया गया है। विकसित भारत/2047 के अंतर्गत महाविद्यालय स्तर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 36 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता के विजेताओं का निर्णय डॉ. प्रवीण साहू सहायक प्राध्यापक हिन्दी एवं श्रीमती मंजुला सोनी अतिथि विद्वान अंग्रेजी द्वारा किया गया। महाविद्यालय स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शालिनी बीए तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान भूमिका एम् कॉम प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान प्रियांशिका त्रिपाठी, एम् कॉम द्वितीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया।

उक्त प्रतियोगिता हेतु प्रविष्टियों का संकलन एवं मुल्यांकन हेतु व्यवस्था का कार्य श्रीमती सुमन कोचर सहायक प्राध्यापक वाणिज्य एवं श्रीमती रोहिणी समरित अतिथि विद्वान कंप्यूटर विभाग द्वारा किया गया।

नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा विकसित भारत/2047 पर देशभर के महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के छात्रों से विचार आमंत्रित किये गए हैं। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक देशवासी अपने विचार माई गोव वेबसाइट या मोबाइल एप्प के द्वारा अपने विचार साझा कर सकता है।

# छात्र-छात्राओं के मध्य विषयवार प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन




डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड डोंगरगढ़ के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बोरतलाव में सेक्टर सकल काउंसिल (ब) नेशनल स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम केन्द्र शासन दिल्ली के अंतर्गत विद्यालय के छात्र /छात्राओं का विषयवार प्रायोगिक परिक्षा का आयोजन किया गया।

जिसमें कृषि एवं इलेक्ट्रानिक्स एण्ड हार्डवेयर के विषय विशेषज्ञ द्वारा अपने अपने विषय की प्रायोगिक परीक्षा ली गई। जिसमें सेक्टर स्किल काउंसिल के तरफ से आये कृषि संकाय से मनवेन्द्र वर्मा और इलेक्ट्रानिक्स एण्ड हार्डवेयर संकाय में विजय पाटील के तत्वाधान में प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन किया गया। शाला की प्राचार्या श्रीमति वंदना चौरे तथा स्कूल में संचालीत व्यवसायिक पाठ्यक्रम के प्रशिक्षक कृषि संकाय से डोमेश्वर कुमार एवं इलेक्ट्रानिक्स एण्ड हार्डवेयर संकाय से विवेक मेश्राम एवं स्कूल स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

# शहर के बूथ क्रमांक 130 में पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता

डोंगरगढ़(दावा)। भाजपा शीर्ष नेतृत्व के आदेशानुसार गाँव चलो घर घर चलो वार्ड बूथ चलो अभियान के तहत बूथ क्रमांक 130 बूथ अध्यक्ष अजेन्द ऊईके बूथ में प्रवासी हरविंदर सिंह मंगे, महेन्द्र अग्रवाल, पार्षद कमलेश धमगाये, पार्षद डीकेश राव, महामंत्री संतोष राव, ऋषभ डकहा, शुभम् परिहार, हितेंद्र साहू, श्रीमती निर्मला त्रिपाठी, श्रीमती सोभा साहू, श्रीमती आशा साहू, गांव चलो बूथ चलो अभियान के डोंगरगढ़ शहर मंडल संयोजक विजेंद्र सिंह ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि परविन्दर सिंह मोंटी की उपस्थिति मे बूथ समिति के सद्स्यों व पन्ना प्रमुखों की बैठक सम्पन्न हुई।



**शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक किया वार्डवासियों को**

इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर मोदी जी के विकास कार्यो की चर्चा किये व लाभार्थियों प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला योजना, जनधन, प्रधानमंत्री अन्ना योजना, के साथ-साथ केंद्र एवं राज्य के विभिन्न योजना के बारे में चर्चा की।

मुलाकात के दौरान उपस्थित महिलाओं, बुजुर्गों वा युवाओं से भाजपा के पक्ष में बूथ में माहोल बनाते हुए कार्य करने के लिए एवं एक बार फिर से मोदी की सरकार बनाने का आग्रह किया इस मौके पर बूथ 130 वार्ड क्रमांक 05 में बड़ी संख्या में महिला, युवा उपस्थित थे।

# श्री राम चरित्र मानस जीवन जीने की कला सिखाती है-भोलाराम साहू



छुरिया (दावा)। ग्राम पाटेकोहरा में श्रीराम चरित मानस सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में शामिल होने खुज्जी विधायक भोला राम साहू पहुँचे। उन्होंने अन्य अतिथियों के साथ भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना कर क्षेत्र व प्रदेश में सुख शांति समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि रामायण मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के चरित्र का वर्णन करती है। श्रीराम चरित मानस जीवन जीने की कला सिखाती है। हमें मर्यादा में रहकर अपने बड़ों का सम्मान, परिवार में आपसी सहयोग, समाज में सद्भावना और भाईचारा की सीख मिलती है। आधुनिक जीवन में हम रामकथा से सीख ले सकते है और अनुशासन में रहकर समाज, देश के विकास के लिए कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।

**पाटेकोहरा में हुआ श्रीराम चरित मानस सम्मेलन**

# संस्कृति और ज्ञान का बीज शालाओं में ही पनपत है- रामकुमार इंदौरिया

**खैरागढ़ (दावा)। शाला में अनेक नवाचार के तहत कार्यशाला, सेमिनार और व्याख्यान के अंतर्गत अगली कड़ी के रूप में 14 फरवरी को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बैहाटोला में मूर्तिकार रामकुमार इंदौरिया रायपुर, कबाड़ से जुगाड़ विशेषज्ञ यशवंत सिन्हा भिलाई, प्रसिद्ध आर्किटेक्ट विवेक सोलंकी मुम्बई एवं स्वास्थ्य एवं पोषण विशेषज्ञ लीजा चौहान रायगढ़ आमंत्रित थे।**



शाला के नवाचारी प्रधान पाठक किशोर शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हमारे शाला में अनेक विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित कर कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिससे बच्चों में जीवन कौशल, आत्मविश्वास और आत्म सम्मान को विकसित किया जा सकें। साथ ही मातृ-पितृ पूजन और ज्ञान की देवी माँ सरस्वती की आराधना का पर्व बसन्त पंचमी का आयोजन किया गया। अतिथि रामकुमार इंदौरिया ने बच्चों को सरल तरीके से घड़े को आकर्षित कर अपने आय का साधन बनाने की कला सिखाये और अपनी सृजनात्मक हुनर को कैसे आय का साधन बनाकर अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ीकरण कर सम्मान जनक जीवन यापन किया जा सकता है।

इस पर अनेक उदाहरण के माध्यम से रूबरू कराया गया, यशवंत सिन्हा ने जीवन कौशल विकास पर अपने उद्धबोधन में जीने के तरीकों को पढ़ाई के साथ जोड़ते हुए कबाड़ से जुगाड़ के अनेक आयामों को रेखांकित करते हुए अपने आसपास के वस्तुओं को चिन्हित करते हुए बच्चों को मार्गदर्शन दिए हमारे आँखों के आसपास वस्तुओं को गिनाते हुए उनसे क्या-क्या बन सकता है, कैसे हम उन वस्तुओं को क्या उपयोग कर सकते हैं, इस पर अपने विचार रखे वहीं लीजा चौहान ने पोषण पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को सहज तरीकों से शारिरिक क्षमता और उम्रनुसार पोषण और उनके फायदों से परिचित कर उपस्थित पालकों और बच्चों को समझाया गया। साथ ही अपने पारिवारिक वातावरण को साझा करते हुए पढ़ाई के अवसर को निकालते हुए आगे की पढ़ाई कैसी करनी है। इस अवधारणा को रेखांकित करते हुए पोषण आहार से तालमेल कर अपनी भावनाओं को रोचक तथ्य के साथ रखे। विवेक सोलंकी ने अपने द्वारा बनाये दिल्ली मेट्रो के मॉडल प्रदर्शित की साथ ही साथ बच्चों को इसके विषय पर जानकारी देकर इसकी पढ़ाई और आगे कैरियर पर अपने अनुभव से परिचित कराया गया।

सभी अतिथियों से बच्चों ने अपनी जिज्ञासा से प्रश्न पूछते गए जिसे आमंत्रित अतिथियों ने रोचक तरीकों से जवाब देकर बच्चों का मनमोह लिया। कार्यशाला में संकुल समन्वयक बैहाटोला के समयलाल धुर्वे, शाला के वरिष्ठ शिक्षक कल्याण दास वर्मा, सत्यकुमार घावड़े, दिनेश चन्देल, तीरथ साहू सहित श्रीमती सन्तोषी वर्मा ने सहयोग किया।

# मजार कमेटी द्वारा डॉक्टर अंबेडकर के अस्थि कलश को किया गया नमन



डोंगरगढ़(दावा)। बाबा टेकरी वाले मजार कमेटी द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर की अस्थि कलश का बाबा टेकरी मज़ार कमेटी द्वारा थाना चौक पर स्वागत किया गया। जिसमें कमेटी के अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारी एवं सभी मेंबर व समाजिकगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# छत्रपति शिवाजी जयंती पर शहर में धूमधाम से निकली हिन्दू शौर्य यात्रा

**विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल सहित गणमान्य लोगों की रही उपस्थिति... जगह-जगह हुआ शोभायात्रा का स्वागत**





राजनांदगांव(दावा)। सोमवार को शहर में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती अवसर पर धूमधाम के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। महावीर चौक दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से संकट मोचन हनुमान की पूजा-आरती कर निकाली गई, इस भव्य शोभायात्रा में हिन्दू धर्म ध्वजा दूर तक लहराती रही जिसमें भगवा या पीले रंग की पारम्परिक वेशभूषा में शामिल सैकड़ों नर-नारियां जय-शिवाजी, जय भवानी का नारा लगाते हुए चल रहे थे। जिसमें माहौल में उल्लास एवं उत्साह का वातावरण बना रहा और चहूंओर शौर्य प्रदर्शित होते रहा।

शोभायात्रा के नेतृत्व भगवा पगड़ी धारण किए पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष पदम कोठारी व शहर अध्यक्ष रहे दिनेश शर्मा के साथ कर रहे थे। इस दौरान शोभायात्रा में पूर्व महापौर के साथ विहिप के ओमप्रकाश अग्निहोत्री, संदीप शर्मा, लाल मुनाई, रिंकू तिवारी, अंकित खंडेलवाल, झम्मन देवांगन, पार्षद विनय झा, भागचंद साहू, पूर्व पार्षद अवधेश प्रजापति, कमल सोनी व महापौर के साथ श्रीमती मिथलेश दिनेश शर्मा आदि उनके साथ विहिप के बाबाजी आदि सहित बजरंगदल के अरूण गुप्ता, गणेश पवार, मानव देशमुख, राजेश डागा (राजू), अमित व कुनबी समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। वही महिलाओं का नेतृत्व महापौर श्रीमती हेमा देशमुख मराठा पगड़ी धारण किए हुए कर रही थी। उनके साथ पार्षद दुलारी बाई व अन्य महिला पार्षदों सहित बड़ी संख्या में मराठा बाना पहने हुए साज श्रृंगार से युक्त कुनबी महिलाओं का हुजुम रहा।

छत्रपति शिवाजी धर्मरक्षक समिति के तत्वावधान में धुमाल बाजे-डीजे व नृत्य-गाने के साथ निकली इस शोभा यात्रा का नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया वही कई स्थानों पर स्टाल लगाकर सेवाभावीजनों ने शोभायात्रियों का शरबत, पानी व स्वल्पाहार आदि से स्वागत किया। शोभायात्रा का जयस्तंभ चौक, मानव मंदिर चौक, गांधी चौक होते हुए दुर्गा चौक, बसंतपुर थाना, सदर लाइन से होकर भारत माता चौक, कामठी लाईन, हमाल पारा, गुड़ाखू लाइन आदि सहित पुनः मानव मंदिर चौक होते हुए गुरूद्वारा चौक, शिवाजी पार्क पहुंचने पर यहां स्थापित छत्रपति शिवाजी महाराज की मनोहारी प्रतिमा की पूजा-आरती की गई तत्पश्चात प्रसादी वितरण कर शोभायात्रा का समापन किया गया।

# क्रेडिट कार्ड सत्यापन को लेकर धोखाधड़ी करने वाला आरोपी पकड़ाया



**डोंगरगांव एसबीआई शाखा में काम करता था आरोपी**

डोंगरगांव (दावा)। क्रेडिट कार्ड का सत्यापन करने के नाम से धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को डोंगरगांव पुलिस ने धर दबोचा। ज्ञात हो कि आरोपी एसबीआई के डोंगरगांव शाखा क्रेडिट कार्ड डिपार्टमेंट में पदस्थ था। डोंगरगांव पुलिस के पास आनलाइन धोखाधड़ी के मामले पहुंचने के बाद इस मामले में जांच शुरू की। पतासाजी में एसबीआई डोंगरगांव के क्रेडिट कार्ड पदस्थ सुरेश साहू की जानकारी लगी। जिसके बाद से सुरेश की तलाश की जा रही थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी सुरेश क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ग्राहकों का लाखों रूपये निकलकर धोखाधडी करता था।

मामले का खुलासा करते हुए नगर निरीक्षक उपेंद्र शाह ने बताया कि थाना डोंगरगांव मे धोखाधड़ी में मामले में धारा 420 भादवि के तहत अपराध दर्ज हुआ। इस मामले की विवेचना के दौरान आरोपी सुरेश साहू के द्वारा तत्कालीन समय मे डोंगरगांव के एसबीआई बैंक शाखा के क्रेडिट कार्ड शाखा मे पदस्थ था, जो बैंक के द्वारा प्राप्त खाता धारक को फोन कर क्रेडिट कार्ड बनवाने हेतु बुलाकर फार्म भरवाता था। जिसके बाद डाक के माध्यम से खाताधारक को दिये पते पर क्रेडिट कार्ड बंद लिफाफा में मिलता था। वहीं जो खाताधारक अपना क्रेडिट कार्ड बंद करवाना चाहता है वह आवेदन बैंक पर देता था।

प्राप्त खाताधारक के क्रेडिट कार्ड के सत्यापन हेतु आरोपी के द्वारा कार्ड मांग कर या लिंक मोबाईल नंबर पर आये ओटीपी को मांग कर अलग अलग क्रेडिट कार्ड धारकों से 9 लाख 55 हजार 620, दुसरे खाता धारक से 3 लाख 54 हजार 696 एवं तीसरे खाताधारक से 1 लाख 58 हजार 247 रूपये का धोखाधड़ी किया गया। इस प्रकार आरोपी के द्वारा कुल 14 लाख 68 हजार 563 रूपये को खाता धारक के खाता व क्रेडिट कार्ड से निकालकर धोखाधड़ी करता रहा। आरोपी घटना दिनांक से फरार था, जिसे थाना डोंगरगांव पुलिस के द्वारा पता तलाश कर कल 18 फरवरी को राजनांदगांव से गिरफ्तार किया गया। आरोपी सुरेश साहू ने पुछताछ मे अपना जुर्म कबुल किया। आरोपी के खिलाफ थाना डौडीलोहारा के अप. क्र. 84/23 एवं 94/23 के तहत धारा 420 भादंवि का मामला दर्ज है, जहां पूर्व में भी गिरफ्तार हो चुका है। थाना डोंगरगांव मे गिरफ्तार आरोपी सुरेश साहू पिता कोमल दास साहू उम्र 32 वर्ष निवासी श्याम नगर, साहू पारा कैम्स 02 वार्ड नं 36 भिलाई थाना छावनी जिला दुर्ग को ज्युडिशियल रिमांड पर न्यायालय राजनांदगांव पेश किया है। आरोपी के पकड़ने में उपनिरीक्षक बेदराम चंद्रवंशी, आरक्षक योगेश साहू, आरक्षक शाहिद अंसारी, महिला आरक्षक अभिलाषा सिंह की विशेष भूमिका रही है।

# मां बम्लेश्वरी मंदिर में अश्लील विडियो प्रसारित करने वाला पुलिस गिरफ्त में

**○ पुलिस व सायबर की संयुक्त टीम ने आरोपी की पहचान की**
**○ पुलिस द्वारा 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज व 200 से अधिक मोबाईलों को खंगाला गया**



डोंगरगढ़ (दावा)। मां बम्लेश्वरी मंदिर में अश्लील विडियो प्रसारित करने वाले को पुलिस ने अपने गिरफ्त में लेकर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित पुलिस व सायबर की संयुक्त टीम ने आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। आरोपी को पकड़ने पुलिस द्वारा मंदिर परिसर में लगे 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज व 200 से अधिक मोबाईलों को खंगाला गया। गिरफ्तार आरोपी रवि चन्द्रिकापूरे पिता तीजउ चन्द्रिकापुरे उम्र 46 साल मौर्या कालोनी डोंगरगढ़ का निवासी है।

पुलिस ने मामले के संक्षिप्त विवरण में बताया कि, दिनांक 16 फरवरी की शाम 5.40 बजे मां बम्लेश्वरी उपर मंदिर कार्यालय में लगे स्मार्ट टीवी में अज्ञात व्यक्ति द्वारा अश्लील विडियो प्रसारित करने से बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना डोंगरगढ़ में अपराध क्रमांक 90/2024 धारा 292 भादंवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**पुलिस की संयुक्त टीम ने आरोपी को खोज निकाला**

मंदिर परिसर में अश्लील वीडियो प्रसारित करने के मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर संयुक्त टीम द्वारा मंदिर में लगे 100 से अधिक सीसीटीवी व 200 से अधिक मोबाईल नंबरो को खंगाला गया। आरोपी ने फोन को स्मार्ट टीवी से स्क्रीन कास्ट के माध्यम से कनेक्ट किया था। पुलिस को विवेचना के दौरान मंदिर कार्यालय के पास लगे सीसीटीवी फुटेज में रवि चन्द्रिकापुरे नामक व्यक्ति को ऊपर मंदिर में लगे टीवी के पास संदिग्ध अवस्था में देखा गया।

उक्त संदिग्ध व्यक्ति ने कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि अपने फोन को स्मार्ट टीवी से स्क्रीन कास्ट के माध्यम से कनेक्ट कर फोन में चल रहे अश्लील विडियो को स्मार्ट टीवी में प्रसारित करना बताया। आरोपी के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक भरत बरेठ थाना प्रभारी डोंगरगढ़, निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, प्रभारी सायबर सेल, उप निरीक्षक राजेश बघेल, आरक्षक आदित्य, हेमंत, अमित, परिवेश वर्मा, गजेन्द्र भारद्वाज, प्रयंश सिंह की अहम भूमिका रही।

**शिवाजी पार्क में दिव्य दीपोत्सव..**





राजनांदगांव (दावा)। छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर शौर्य दिवस पर शिवाजी पार्क में शनिदेव धाम परिवार रानीसागर तट पर भव्य एवं दिव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया।

# मोदी सरकार द्वारा केन्द्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग विपक्ष की आवाज दबाने लगी में- कांग्रेस

**शहर व जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त नेतृत्व में केन्द्र की मोदी सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन**



**आयकर विभाग के माध्यम से कांग्रेस के खातों को फ्रीज करवा रही केन्द्र की भाजपा सरकार**

राजनांदगांव(दावा)। केन्द्र सरकार के अडियलरवैये व हिटलरशाही के चलते विपक्ष की आवाज को लगातार दबाने का प्रयास किया जा रहा है। अब केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा बिना किसी वैध कारण के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और भारतीय युवा कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज करके एक कूर कदम उठाया है। जिसको लेकर शहर जिला व ग्रामीण कमेटी द्वारा आयकर कार्यालय के सामने रामदरबार चौक के पास कांग्रेसजनों द्वारा एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया गया।

सभा का संचालन करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि मुख्य विपक्षी कांग्रेस पार्टी द्वारा लगातार जनहितकारी मुद्दे व लोकतंत्र को बचाने के लिए आवाज उठा रही है उस आवाज को दबाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी के तहत भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और भारतीय युवा कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है। लोकसभा चुनावों से ठीक पहले उठाया गया है, जिससे हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की अखंडता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए है। हमारे खातों को फ्रीज करना, हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी एक जबरदस्त हमला है। इस अलोकतांत्रिक कदम के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार राजनांदगांव मुख्यालय में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में आयकर कार्यालय के पास रामदरबार चौक के निकट विरोध प्रदर्शन किया गया।

'पहले लड़े थे गोरो से अब लड़ेगे चोरों से' के नारों के साथ पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने केन्द्र की मोदी सरकार पर जमकर लताड़ लगाते हुए कहा कि जिस तरह से आज देश में अलौकतांत्रिक तरीके से माहौल बनाया जा रहा है वह गलत है। विपक्षी दलों के खातों को फ्रीज करना, कहां का लोकतंत्र है इससे साबित होता है कि भाजपा विपक्षी पाटियां (इंडिया) के एक होने से भयभीत हो गई है और केन्द्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग कर रही है। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार तानाशाही करते हुए भारत के संविधान से छेड़छाड़ कर रही है। चुनावी इलेक्टोरल बांड से कमाने वाली भाजपा हिटलरशाही अपनाते हुए कांग्रेस के खातों को फ्रीज कर रही है। मोदी जी देश का विकास नहीं विनाश कर रही है, जिसका कांग्रेस घोर निंदा व विरोध करती है। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से पूरी तरह डर गई है यात्रा में उमड़ रहे जनसैलाब को देखकर भाजपा पूरी तरह से बौखला गई है और चुनाव में हार के डर से अपने अधीनस्थ एजेंसियों के माध्यम से विपक्ष को दबाने का प्रयास कर रही है। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि जब लोकतांत्रिक तरीके से भाजपा नहीं लड़ पा रही है तो वे अपने अधिनस्थ एजेंसियों के माध्यम से हमारे नेताओं को डराने धमकाने का प्रयास कर रही है। पर उन्हें यह नहीं मालूम कि ये कांग्रेस वहीं कांग्रेस है जिन्होंने देश की आजादी में अपनी अहम भूमिका निभाई थी। कांग्रेस संगठन सदैव देशहित के लिए तत्पर रहती है। विरोध प्रदर्शन को पदम कोठारी, महापौर हेमा देशमुख, थानेश्वर पाटिला, मेहुल मारू, पंकज बांधव, रमेश डाकलिया, माया शर्मा, योगेन्द्र प्रताप सिंह, गोवर्धन देशमुख, अंगेश्वर देशमुख, महेन्द्र यादव, अमित खंडेलवाल, अमित जंघेल, मनीष गौतम, जितेन्द्र कौशिक ने संबोधित किया।

कांग्रेस खेल-कूद प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष मनीष गौतम ने बिना किसी वैध कारण के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और भारतीय युवा कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज करके एक अभूतपूर्व और कूर कदम उठाया है। यह कदम लोकसभा चुनावों से ठीक पहले उठाया गया है, जिससे हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की अखंडता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए है। हमारे खातों को फ्रीज करना, जिसमें क्राउडफंडिंग अभियान से जुड़े खाते भी शामिल है, न केवल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की वित्तीय स्थिरता पर हमला है,बल्कि हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी एक जबरदस्त हमला है। इसका हम सब मिलकर पुरजोर विरोध किया गया।

# उप मुख्यमंत्री स्वदेशी मेला में हुए शामिल

**देश की कला, प्रतिभा एवं हुनर को आगे बढ़ाने में स्वदेशी मेला एक अनुकरणीय पहल - उप मुख्यमंत्री अरूण साव**




**मेले में 18 राज्यों आए से कलाकार अपनी कला प्रतिभा का कर रहे प्रदर्शन**

राजनांदगांव (दावा)। उप मुख्यमंत्री अरूण साव आज स्टेट स्कूल मैदान में आयोजित स्वदेशी मेला में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि स्वदेशी मेला हमारे स्वाभिमान, स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भरता से जुड़ा हुआ है। हमारे देश ने दुनिया को विज्ञान, चिकित्सा, वेद, आध्यात्म, संस्कृति एवं शिक्षा दी है और हमारा देश विश्वगुरू रहा है, लेकिन विदेशियों की गुलामी के कारण हमारा स्वाभिमान कमजोर हुआ।

हमारे देश की कला, प्रतिभा एवं हुनर को आगे बढ़ाने में स्वदेशी मेला एक अनुकरणीय पहल है। स्वदेशी मेले में 18 राज्यों से कलाकार अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन करने कलाकृति लेकर यहां आए हैं। हमारे देश के कलाकारों में असीम क्षमताएं है। छत्तीसगढ़ में बहुत से कलाकार हैं और उनके द्वारा स्थानीय स्तर पर बनाए गए गुणवत्तापूर्ण उत्पाद की सही तरीके से मार्केटिंग करने तथा बेहतर अवसर मिलने से वे दुनिया में छत्तीसगढ़ का नाम रौशन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा देश एक विश्वशक्ति के रूप में उभरा है और दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। शीघ्र ही हम दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। 21वीं सदी का भारत आत्मनिर्भर, विकसित, समृद्धि एवं खुशहाल भारत है। इस अवसर पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, खूबचंद पारख, भरत वर्मा, विनोद डढ्डा, राजा माखीजा, सचिन बघेल, राजकुमार शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग सहित अन्य अधिकारी, स्वदेशी मेला आयोजन समिति के सदस्य तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।





















# महतारी वंदन योजना के अंतर्गत अब तक जिले की 2 लाख 45 हजार महिलाओं ने किया आवेदन जमा



**○ कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों का ऑनलाईन एन्ट्री एवं सत्यापन त्वरित गति से करने के दिए निर्देश**
**○ आज आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि**

राजनांदगांव (दावा)। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना अंतर्गत प्रदेश के साथ-साथ जिले में भी पात्र महिलाओं से आवेदन पत्र लिए जा रहे है। इसके तहत प्राप्त आवेदनों की ऑनलाईन एन्ट्री एवं सत्यापन त्वरित गति से किया जा रहा है। इस कार्य में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के अमले कार्य संपादित कर रहे है। इस योजना के तहत अब तक प्राप्त आवेदनों, ऑनलाईन एण्ट्री एवं सत्यापन के कार्यो के संबंध में कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज यहां कलेक्टोरेट सभाकक्ष में वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से समीक्षा की और अधिकारियों को कार्य तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े अधिकारियों से कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत अब तक प्राप्त समस्त आवेदनों का त्वरित गति से ऑनलाईन एण्ट्री एवं सत्यापन करना सुनिश्चित करें। हर पात्र महिला हितग्राही से उनका आवेदन प्राप्त करें। इसके अलावा ऐसी महिला हितग्राही जिन्हें पेंशन मिलती है और वह इस योजना के तहत पात्र हितग्राही है, उसका फार्म भरवाएं। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत प्राप्त आवेदनों में आधार नंबर, खाता नंबर एवं नाम इत्यादि की एण्ट्री सही ढंग से की जानी चाहिए, ताकि योजना के तहत प्रदाय राशि उनके खाते में अंतरित हो सके।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि आवेदन पत्रों के सत्यापन के दौरान शासन द्वारा निर्धारित सभी मापदण्डों का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने बताया कि आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी हैं। अन्तिम सूची 21 फरवरी को जारी की जाएगी। अनन्तिम सूची पर आपत्ति 21 से 25 फरवरी तक की जाएगी। आपत्ति का निराकरण 26 से 29 फरवरी तक किया जाएगा। अंतिम सूची का प्रकाशन 1 मार्च को होगा एवं स्वीकृति पत्र 5 मार्च को जारी होगा। श्री अग्रवाल ने कहा कि इन तिथियों को ध्यान में रखकर तेज गति से कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। 20 फरवरी को आवेदन पत्र प्राप्त प्राप्त करने की अंतिम तारीख के साथ ही अधिकारीगण तत्काल आवेदनों का सत्यापन एवं ऑनलाईन एण्ट्री करना सुनिशित्च करें और इसी तिथि को अन्तिम सूची की हार्डकॉपी निकलवा ले। सूची का प्रकाशन नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक वार्ड में चस्पा की जाए, साथ ही इसका कार्रवाई विवरण भी पंजीकृत करना सुनिश्चित करें। आपत्ति प्राप्त करने के पश्चात अंतिम सूची का प्रकाशन करें, इसके लिए उन्होंने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, सीएमओ तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जिले में अब तक महतारी वंदन योजना अंतर्गत 2 लाख 45 हजार महिलाओं ने आवेदन पत्र जमा किए हैं।

इस अवसर पर कलेक्टर ने न्योता भोजन की अवधारणा के संबंध में जानकारी दी और कहा कि यह सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। विभिन्न त्यौहारों या अवसरों वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर बड़ी संख्या में लोगों को भोजन प्रदान करने की भारतीय परम्परा पर आधारित है। इसके तहत शालेय बच्चों को समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन या तो पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं या अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में मिठाई, नमकीन, फल या अंकुरित अनाज आदि के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकते हैं। यह मध्यान्ह भोजन के अतिरिक्त प्रदाय किया जाएगा। इस संबंध में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह की भीतर कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की भी समीक्षा की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को सहायता के लिए संचालित है। योजनांतर्गत कारपेंटर, नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, लोहार, ताला बनाने वाले, हथौड़ा व टूल किट निर्माता, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राज मिस्त्री, डलिया-चटाई व झाड़ू बनाने वाले, पारंपरिक गुड़िया और खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, मछली का जाल बनाने वालों को लाभान्वित जा रहा है। सभी वर्गों को अपनी आईडी व पहचान पत्र के माध्यम से प्रशिक्षण, टूलकिट व डिजिटल मार्केटिंग सपोर्ट दिया जाएगा। साथ ही बैंक शाखाओं के माध्यम से पहले चरण में 1 लाख रूपए व दूसरे चरण में 2 लाख रूपए तक की सहायता राशि मात्र 5 प्रतिशत ब्याज पर दिया जाएगा।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती गुरप्रीत कौर, महाप्रबंधक व्यापार एवं उद्योग एसके सिंह, उप संचालक पंचायत देवेन्द्र कौशिक, ई-जिला प्रबंधक सौरभ मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com